रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
RAMPUR RAZA LIBRARY

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Culture, Government of India

45 वीं वार्षिक रिपोर्ट
45th Annual Report
2019-20

Ministry of Culture
Government of India

Azadi Ka Amrit Mahotsav

17 फरवरी 2020 को लाइब्रेरी में आयोजित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अवार्ड समारोह के अवसर पर श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी, माननीया राज्यपाल उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड अपने विचार व्यक्त करती हुई।

राजभवन लखनऊ में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की 49वीं बैठक के दौरान श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी, माननीया राज्यपाल उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड एवं बोर्ड के सदस्य राजभाषा पत्रिका : गाँधी विशेषांक का विमोचन करते हुए।

(20 दिसम्बर 2019)

Ministry of Culture
Government of India

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

45वीं वार्षिक रिपोर्ट

2019–2020

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
हामिद मंज़िल, क़िला
रामपुर–244901 (उ०प्र०) भारत

© रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, रामपुर

सर्वाधिकार सुरक्षित प्रकाशक की पूर्व अनुमति बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलेक्ट्रानिकी, मशीनी, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुनः प्रयोग पद्धति द्वारा इसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।

पुस्तक का नाम : **45वीं वार्षिक रिपोर्ट : 2019–20**
रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, रामपुर

प्रकाशक : **रविन्द्र कुमार माँदड़ (आई०ए०एस०)**
निदेशक, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी/जिलाधिकारी रामपुर

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
रामपुर 244901 (उ०प्र०) भारत

वेबसाइट : www.razalibrary.gov.in
ई–मेल : raza-library@nic.in, directorrazalibrary@gmail.com
फोन : 0091–595–2325045, 2327244
फैक्स : 0091–595–2340548

विषय-सामग्री

1. सामान्य समीक्षा	1
2. लाइब्रेरी का संक्षिप्त इतिहास	7
3. लाइब्रेरी भवन एवं भूमि	11
4. रज़ा लाइब्रेरी संग्रहालय	12
5. लाइब्रेरी संग्रह	13
6. अधिनियम और विनिमय	26
7. उद्देश्य	26
8. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड व उप–समितियाँ	27
9. लाइब्रेरी की सुरक्षा	28
10.रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अवार्ड	29
11.रामपुर रज़ा लाइब्रेरी स्कॉलरशिप	29
12.टैगोर नेशनल फैलोशिप/स्कॉलरशिप	30
13.लाइब्रेरी में न्यू एडिशन	30
14.तकनीकी सेवाएँ	31
15.सूचीकरण	32
16.कम्प्यूटरीकरण एवं डिजिटाइजशन	33
17.विद्वानों को सुविधाएँ	34
18.पाठकों को उपलब्ध सेवाएँ	35
19.लाइब्रेरी की प्रस्तावित योजनाएँ	35
20.लाइब्रेरी के प्रकाशन	36
21.संरक्षण एवं उपचार	36
22.प्रशिक्षण एवं सम्मेलन	37
23.संग्रहालय कार्य	38
24.लाइब्रेरी सोशल मीडिया पर	38
25.विशिष्ट आगंतुक	40
26.शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ	46
27.परिशिष्ट	57

45वीं वार्षिक रिपोर्ट 2019–2020
सामान्य समीक्षा

मैं प्रसन्नतापूर्वक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की कार्य संचालन की 45वीं वार्षिक रिपोर्ट (1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक) की गतिविधियों, तकनीकी, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता हूँ।

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी एवं बोर्ड के सभी सदस्यों के उचित मार्गदर्शन एवं बहुमूल्य योगदान तथा पुस्तकालय के निष्ठावान कर्मचारियों द्वारा समर्पित सेवाओं के फलस्वरूप उच्चस्तरीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष प्रगति हुई है।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी विश्व की सर्वोत्तम लाइब्रेरियों में से एक है। यहाँ दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ, इस्लामिक कैलीग्राफ़ी के नमूने, ताड़पत्र, ऐतिहासिक दस्तावेज़, प्राचीन मुद्रित पुस्तकें, इण्डो–पर्शियन और इण्डो–सेन्ट्रल एशियन लघु चित्र तथा ऐतिहासिक सिक्के, शीशे की प्राचीन कलाकृतियां आदि संग्रहित हैं। पुस्तकालय के संग्रह में अरबी, फ़ारसी, संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, तुर्की, पश्तो एवं अंग्रेज़ी आदि भाषाओं की पाण्डुलिपियों, मुद्रित पुस्तकों तथा विभिन्न लिपियों में हस्तलिखित पुस्तकों को संजोकर सुरक्षित रखा गया है जो सामान्य जन एवं बुद्धिजीवी वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा दिये गए यथेष्ट वित्तीय अनुदानों के द्वारा कार्य संचालन, रख–रखाव, संरक्षण, प्रकाशन, कम्प्यूटरीकरण और पाण्डुलिपियों का डिजीटाईज़ेशन किया गया है। इसके साथ ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा इस बहुमूल्य संग्रह की सुरक्षा का प्रबन्ध भी सुचारू रूप से किया गया है।

पुस्तकालय के संग्रह को क्रय, विनिमय एवं उपहार के माध्यम से समृद्ध बनाया जाता है। 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान पुस्तकालय द्वारा 781 पुस्तकें, 784 आवधिक पत्रिकाएं और 8105 समाचार पत्रों का अधिग्रहण किया गया। इस अवधि के दौरान 826 मुद्रित पुस्तकों का वर्गीकरण एवं 1,267 सूचीपत्र बनाये गये। 622 पाण्डुलिपियों और 3009 मुद्रित पुस्तकों का सूचीकरण किया गया। एक्सेशन नं० 62655 से नं० 63435 तक कुल 781 पुस्तकों का एक्सेशन किया गया। पुस्तकों की लेबलिंग तथा सफ़ाई का कार्य निरन्तर किया गया। 2,194 मुद्रित पुस्तकों पर 2,388 नये लेबल लगाये गये। सूचीपत्रों की जांच कर उनको अपटूडेट (अद्यतन) किया गया एवं लगभग 20,106 पुस्तकों को शैल्फ़ों पर साफ़ करके पुनः रखा गया। 29 पाण्डुलिपियों, 295 पुस्तकों एवं 2875 पत्रिकाएँ की जिल्दसाज़ी की गयी और इसके अतिरिक्त रजिस्टरों, नोट बुक तथा फोटो एलबम की मरम्मत तथा जिल्दसाज़ी भी की गई। 200 महत्वपूर्ण समाचार पत्रों की कटिंग कर संग्रहित किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के 1,310 कलर फोटो तैयार करवाये गये।

इस अवधि के दौरान 622 पाण्डुलिपियों (227 अरबी, 325 फारसी, 34 उर्दू और 36 हिन्दी) एवं 3,009 पुस्तकों (481 अरबी, 55 फारसी, 2229 उर्दू, 211 हिन्दी एवं 33 अंग्रेज़ी) का

कैटलॉग तैयार किया गया तथा 826 पुस्तकें वर्गीकृत की गयीं और विभिन्न भाषाओं के 1267 कैटलॉग कार्ड तैयार कर उनको कैटलॉग ट्रे में व्यवस्थित किया गया।

इस अवधि के दौरान 622 पाण्डुलिपियों (227 अरबी, 325 फारसी, 34 उर्दू और 36 हिन्दी) 2,230 पुस्तकों (460 अरबी, 1770 उर्दू) का ग्रन्थसूची सूचना के साथ कम्प्यूटर में डेटाबेस तैयार किया तथा 1269 मुद्रित पुस्तकों (701 हिन्दी, 33 अंग्रेजी, 459 उर्दू, 21 अरबी एवं 55 फारसी) का डेटाबेस कोहा सॉफ्टवियर में फीड किया गया।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के संग्रह की 2522 पाण्डुलिपियों के 3,14,157 पृष्ठों को डिजिटाइज़ किया गया।

लाइब्रेरी अपने पाठकों को सेवाएँ प्रदान करती है। इस अवधि के दौरान 64 वरिष्ठ शोधकर्ताओं ने 577 पाण्डुलिपियों का अध्ययन किया और 763 पाठकों ने 8,290 मुद्रित पुस्तकों का अवलोकन किया। इसके साथ–साथ 80,806 सामान्य पाठकों ने पुस्तकालय में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का अध्ययन किया तथा बड़ी संख्या में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के दरबार हॉल में स्थित रज़ा संग्रहालय को देखा।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी शोधकर्ताओं को पाण्डुलिपियों और मुद्रित पुस्तकों की छायाप्रति (फोटो कापी) भी भुगतान द्वारा प्रदान कराती है। इस अवधि में शोधकर्ताओं को मुद्रित पुस्तकों की 3,125 फोटो कापियां भुगतान द्वारा प्रदान की गयीं। इस दौरान 132 रज़ा लाइब्रेरी प्रकाशनों को शोधकर्ताओं को विक्रय किया गया एवं लाइब्रेरी प्रकाशन की 502 पुस्तकें बोर्ड के सदस्यों, उप–समितियों के सदस्यों, विशिष्ट अतिथियों, शोधकर्ताओं एवं लेखकों को उपहार स्वरूप दी गईं।

संरक्षण प्रयोगशाला द्वारा वैज्ञानिक विधियों से बहुमूल्य पाण्डुलिपियों के क्षतिग्रस्त 1,720 फोलियो एवं दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों के क्षतिग्रस्त 1,796 फोलियो का सफलतापूर्वक संरक्षण किया गया।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन (एनएमएम) के अन्तर्गत रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र मार्च 2019 से संचालित है। इस वर्षावधि में पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र द्वारा वैज्ञानिक विधियों से दुर्लभ पाण्डुलिपि के 2,255 क्षतिग्रस्त फोलियो का उपचारात्मक एवं 27,581 फोलियो का प्राथमिक संरक्षण सफलतापूर्वक किया गया।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के संग्रहालय में प्रलेखन और कला–कृतियों को संरक्षित करने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है, जो इस वर्षावधि में इस प्रकार है।

- 25 कलाकृतियों एवं 61 दुर्लभ सिक्कों का प्रलेखन किया गया।
- 150 कलाकृतियों का प्राथमिक संरक्षण किया गया।
- 07 संग्रहालय वस्तुओं का उपचारात्मक संरक्षण किया गया।
- 83 संग्रहालय वस्तुओं को प्रदर्शित एवं अनुशीर्षकों को तैयार किया गया।
- संग्रहालय वस्तुओं का आन्तरिक सत्यापन किया गया और विभिन्न अलमारियों में रखी वस्तुओं की सूची तैयार की गयी।

यह भव्य इमारत इण्डो–यूरोपियन भवन निर्माण कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस लाइब्रेरी में एक गैलरी है जिसमें ग्रीक स्त्रियों की विभिन्न मुद्राओं वाली आकर्षक इटैलियन मूर्तियाँ लगी हुई हैं। गैलरी में बने हुए कनोपियां, कोरनिस एवं चमकदार छत को शुद्ध सोने से अलंकृत किया गया है जो इसको और शानदार बनाते हैं। इस भव्य इमारत के चारों ओर ख़ाली स्थान को मुगल शैली की 'चार बाग' प्रणाली से शोभायुक्त बगीचे के रूप में विकसित किया गया, जिसमें फव्वारे, पानी की नालियाँ और सुन्दर एवं चुनिन्दा पौधे लगाये गये हैं। इस स्थान को अत्यधिक आकर्षित बनाने के लिए पानी की गहरी नहरों के ऊपर चारों ओर सुन्दर ढंग से कोटा पत्थर लगाये गये हैं।

रज़ा लाइब्रेरी में सम्पूर्ण ऐतिहासिक इमारत का पुरातत्विक नियमों में संरक्षण के तहत छतों तथा उसके भीतरी भागों फर्श, लॉन (घास के मैदान), दीवारों की मरम्मत आदि की गई। इस वर्ष कराये गये नवीन कार्य इस प्रकार हैं :–

- हामिद मंजिल एवं रंगमहल दोनों इमारतों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई।
- हामिद मंजिल एवं रंगमहल में लाइटिंग पोल लगाये गये।

प्रकाशन

रज़ा लाइब्रेरी अब तक 230 प्रकाशनों का प्रकाशन कर चुकी है। इस वर्षावधि 2019–2020 के दौरान भी अरबी, फारसी, उर्दू, अंग्रेज़ी और हिन्दी की पुस्तकें प्रकाशित की गयीं हैं। इस अवधि के दौरान निम्नलिखित 07 पुस्तकों एवं न्यूजलेटर के 05 अंकों को प्रकाशित किया गया–

- *खतूत–ए–दाग़ (उर्दू)*
- *रूह की बेदारी (उर्दू)*
- *मोहावराते बेगमात (उर्दू)*
- *मजालिस–ए–रंगीन (उर्दू)*
- *रामपुर रज़ा लाइब्रेरी जरनल नम्बर–32 (उर्दू)*
- *राजभाषा पत्रिका (कबीर विशेषांक)*
- *राजभाषा पत्रिका (गांधी विशेषांक)*
- *रामपुर रज़ा लाइब्रेरी न्यूजलेटर (अंक 19–23)*

शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विषयों के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेमिनार, व्याख्यान जैसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन जाता है। वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

01 अप्रैल 2019 को प्रसिद्ध शोधकर्ता एवं विद्वान मौलाना इम्तियाज अली खाँ अरशी की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनसे सम्बन्धित **"पुस्तक प्रदर्शनी"** का आयोजन किया गया।

16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2019 तक **"स्वच्छता पखवाड़े"** का आयोजन किया गया।

28 अप्रैल 2019 को **"इक़बालियात और मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ"** पर द्वितीय मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ मैमोरियल विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

29 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी के सभागार में **"सूचीकरण एवं वर्गीकरण"** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पवित्र माह रमज़ान के मुबारक अवसर पर 28 मई 2019 को **"पवित्र कुरान तथा खत्ताती के नमूनों"** की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

21 जून 2019 को **"पांचवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस"** पर योगाभ्यास हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

22 जून 2019 को सालारजंग म्यूज़ियम हैदराबाद में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार और पवित्र कुरान की प्रदर्शनी का आयोजन ईरान वाणिजय दूतावास द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय सेमिनार और प्रदर्शनी में **"रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने कुरान की दुर्लभ और चित्रित पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपियाँ"** प्रदर्शित की।

24 जुलाई 2019 को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के परिसर में **"वृक्षारोपण"** किया गया।

31 जुलाई 2019 को प्रसिद्ध उपन्यासकार, साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी मुंशी प्रेमचंद की 139वीं जन्मजयंती के अवसर पर लाइब्रेरी के सभागार में **"प्रेमचंद का साहित्य में योगदान"** विषय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

04 अगस्त 2019 को **"अमीर मीनाई की साहित्यिक सेवायें"** विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद के भूतपूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग के प्रोफेसर एस. फ़ज़ले इमाम ने विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

5 अगस्त 2019 को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, इकाई रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा **"वर्षा जलसंचयन"** पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

10 से 14 अगस्त 2019 तक लाइब्रेरी के दरबार हॉल में **"भारत–उज़बेकिस्तान प्रदर्शनी"** का आयोजन किया गया।

14 से 24 अगस्त 2019 तक स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित **"पुस्तक प्रदर्शनी"** का आयोजन किया गया।

15 अगस्त 2019 को **"73वां स्वतंत्रता दिवस"** मनाया। तत्कालीन निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी प्रो० सैयद हसन अब्बास ने रज़ा लाइब्रेरी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रीय गान के साथ सीआईएसएफ जवानों सहित राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

14 से 28 सितम्बर 2019 तक लाइब्रेरी में **"हिन्दी पखवाड़ा"** मनाया गया। इस दौरान हिन्दी की दुर्लभ पाण्डुलिपियों और प्राचीन मुद्रित पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया।

01 से 14 अक्तूबर 2019 तक **"राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से संबंधित पुस्तकों एवं चित्रों"** की प्रदर्शनी प्रदर्शित की गयी।

02 अक्तूबर, 2019 को लाइब्रेरी में **"गांधी जयंती"** मनायी गयी।

17 से 28 अक्तूबर 2019 तक सर सैयद अहमद खाँ के जन्मदिवस के अवसर पर लाइब्रेरी में **"सर सैयद अहमद खाँ से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी"** का आयोजन किया।

28 अक्तूबर से 02 नवम्बर, 2019 तक लाइब्रेरी में **"सर्तकता जागरूकता सप्ताह"** मनाया गया।

31 अक्तूबर 2019 को **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** अर्थात लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी, व्याख्यान, शपथ ग्रहण एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया।

26 नवम्बर 2019 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में लाइब्रेरी में **"संविधान : एक परिचय"** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

26 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी में संग्रहित **"लघुचित्रों एवं चित्रों"** का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री कृष्ण बिहारी माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, रामपुर, उ०प्र० एवं तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास ने किया।

26 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी में **"अग्निशमन के उपकरणों पर कार्यशाला"** का आयोजन किया गया।

01 से 10 दिसम्बर 2019 तक लाइब्रेरी में संग्रहित **"दुर्लभ पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपियों"** की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

12 जनवरी 2020 को लाइब्रेरी के सभागार हॉल में **"इंडो–ईरान राइटर्स मीट"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

20 जनवरी 2020 को रंगमहल में मूर्धन्य संगीतज्ञ और संस्कृतज्ञ आचार्य कैलाश चन्द बृहस्पति के 101वें जयन्ती वर्ष के विशेष अवसर पर **"जो रंग में उसके डूब गये"** विषय पर आकाशवाणी रामपुर और रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान माला और संगीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

26 जनवरी 2020 को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में भारत के **"गणतंत्र दिवस"** की 71वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर तत्कालीन निदेशक रज़ा लाइब्रेरी प्रो० सैयद हसन अब्बास ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

30 जनवरी 2020 को **"शहीद दिवस"** के अवसर पर लाइब्रेरी स्टाफ ने पूर्वाह्न 11.00 बजे, एकत्रित होकर 2 मिनट मौन धारण किया।

03 से 10 फरवरी 2020 को दरबार हॉल में **"इण्डो–उज़्बैक़ प्रदर्शनी"** का आयोजन किया गया। जिसमें उज़्बेकिस्तान से सम्बन्धित पेंटिंग्स और पाण्डुलिपियों को प्रदर्शित किया गया।

17 फरवरी 2020 को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के सभागार हॉल में **"अवार्ड समारोह"** का आयोजन किया गया। अवार्ड समारोह के अवसर पर श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड द्वारा अवार्ड से विद्वानों को

सम्मानित किया गया एवं लाइब्रेरी में संग्रहित रामायण की पेंटिंग एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

27 फरवरी 2020 को लाइब्रेरी द्वारा आयोजित मौलाना इम्तियाज़ अली अरर्शी तृतीय स्मृति व्याख्यान **"ग़ालिब का है अंदाज़–ए–बयां और"** पर डॉ० तक़ी आबदी, कनाडा ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

08 मार्च 2020 को दरबार हॉल में **"राष्ट्रीय अखण्डता एवं सामाजिक सद्भाव"** पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री आन्जनेय कुमार सिंह, तत्कालीन निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी/जिलाधिकारी रामपुर ने किया।

08 मार्च 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2020 के अवसर पर लाइब्रेरी के मीटिंग रूम में **"महिला सशक्तिकरण विषय पर एक संगोष्ठी"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इस्पेक्टर रीना सिंह, प्रभारी महिला थाना, रामपुर एवं डॉ० किश्वर सुल्ताना, पूर्व प्रोफेसर हिन्दी विभाग, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज रामपुर थीं।

मैं महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड, बोर्ड के सभी सदस्यगणों एवं मुख्य सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदया का समुचित रूप में आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं माननीय संस्कृति केन्द्रीय मंत्री और माननीय सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने लाइब्रेरी के सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रत्येक स्थिति में लाइब्रेरी की आर्थिक सहायता एवं मार्ग दर्शन किया।

दिनांक :

रविन्द्र कुमार माँदड़
निदेशक, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी/
जिलाधिकारी, रामपुर

लाइब्रेरी का संक्षिप्त इतिहास

रामपुर के प्रथम शासक नवाब फैजुल्ला ख़ां द्वारा 1774 ई० में स्थापित की गई रामपुर रज़ा लाइब्रेरी भारतीय इस्लामी शिक्षा एवं कला का अनमोल ख़ज़ाना है जो उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में स्थित है। यह स्वतंत्रता पूर्व "रियासत रामपुर" के नाम से जाना जाता था। नवाब फैजुल्लाह ख़ाँ 1794 ई० तक रियासत पर शासन करते रहे और अपने व्यक्तिगत प्रयासों से लाइब्रेरी में दुर्लभ पाण्डुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेज़ों, कैलिग्राफ़ी के नमूनों, पेन्टिंग्स, लघुचित्र एंव विभिन्न भाषाओं में अनेक पुस्तकों का संग्रह रियासत के तोशाख़ाने में किया था। रामपुर के नवाब विद्वानों, कवियों, चित्रकारों, कैलीग्राफ़रों तथा संगीतकारों के बहुत बड़े संरक्षक रहे हैं।

नवाब फ़ैज़ुल्लाह ख़ाँ

रियासत रामपुर के दूसरे नवाब मोहम्मद अली खाँ 17 जुलाई 1794 ई० को 43 वर्ष की आयु में सिंहासन पर आसीन हुए। यह नवाब फ़ैजुल्लाह ख़ाँ के बेटे थे। इनका शासनकाल केवल 24 दिन तक रहा। अपने कठोर स्वभाव की वजह से यह रूहेलों में तथा नवाबी ख़ानदान में लोकप्रिय न थे। नवाब ग़ुलाम मोहम्मद खाँ ने नवाब मुहम्मद अली खाँ को बेदखल करके गद्दी पर कब्ज़ा कर लिया।

नवाब मुहम्मद अली खा

नवाब गुलाम मोहम्मद खाँ 10 अगस्त 1794 ई० को 33 वर्ष की आयु में नवाब बने और उनका शासनकाल केवल तीन महीने और 22 दिन रहा। नवाब साहब को अपनी नवाबी कायम रखने के लिए अंग्रेज़ हुकुमत और अवध के नवाब आसिफ़ुद्दौला से ग्राम भिटौरा में युद्ध करना पड़ा था, जिसमें उनकी पराजय हुई। अंग्रेज़ी सरकार के पहरे में उनको पहले ठाकुरद्वारा और बाद में बनारस ले जाया गया, बनारस से नवाब साहब हज के सफर पर चले गये तथा वापसी में कांगड़ा पंजाब में रहने लगे। राजा संसार चंद ने आव–भगत और सम्मान के साथ अपने यहाँ रखा। 61 वर्ष की आयु में 18 फरवरी 1833 ई० को वहीं पर उनका निधन हुआ।

नवाब गुलाम मुहम्मद खाँ

नवाब अहमद अली खाँ 9 वर्ष की आयु में 29 नवम्बर 1794 को सिंहासन पर बैठे। नवाब नसरूलाह खाँ उनके रीजेन्ट नियुक्त हुए। नवाब अहमद अली खाँ कवि थे तथा "रिन्द" उनका तख़ल्लुस (उपनाम) था। वे ललित कलाओं में बहुत रूचि लेते थे तथा शिकार, निशानेबाज़ी, गीत व संगीत और नृत्य के प्रेमी थे। नवाब अहमद अली खाँ के शासनकाल (1794–1840 ई०) में लाइब्रेरी के संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि की गई थी।

नवाब अहमद अली खा

मौलवी ग़यासुद्दीन खाँ ने फ़ारसी शब्दकोष "ग़यासुल्लुग़ात" उन्हीं के काल में संकलित की। "बेनज़ीर" और "बद्रे मुनीर" की इमारतों का निर्माण उन्हीं के नवाबी काल में हुआ।

नवाब मोहम्मद सईद ख़ाँ

नवाब मोहम्मद सईद खाँ (1840–1855 ई०) एक सक्रिय शासक थे। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए एक अलग विभाग बनाया तथा संग्रह को नये कमरों में रखवाया। इस कार्य के लिये उन्होंने अल्लामा यूसुफ़ अली मेहवी (एक अफ़गान विद्वान) को नियुक्त किया, जिन्होंने कुतुबखाना में संग्रह को व्यवस्थित किया तथा इन्होंने कश्मीर और भारत के अन्य भागों से सुप्रसिद्ध खत्तातों तथा दस्तकारों को आमंत्रित किया। नवाब ने फ़ारसी लिपि में एक मुहर बनवायी जो इस प्रकार है :–

"हस्त इन मुहर बर कुतुबखाना
वालिये रामपुर फ़रज़ाना" 1268 हिजरी" (1852 ई०)

नवाब यूसुफ़ अली खां ने 1 अप्रैल 1855 ई. में शासन की बागडोर संभाली। साहित्य और कला में उनकी काफ़ी रूचि थी, वे स्वयं भी 'नाज़िम' उपनाम से कविताएं लिखते थे। वे मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब से सलाह लिया करते थे और उन्हें हर माह 200 रूपये का वज़ीफ़ा दिया करते थे। 1857 में हुए ऐतिहासिक ग़दर के समय में काफ़ी बड़ी संख्या में प्रसिद्ध विद्वान, कवि और लेखक दिल्ली से रामपुर आये और यहीं बस गए। "तारीख़े अदबे उर्दू" के लेखक राम बाबू सक्सैना ने लिखा है कि "नवाब साहब ने शोअराय देहली व लखनऊ को अपने दरबार में जमा करके उर्दू शायरी को गंगा–जमुनी कर दिया था।" नाज़िम की कविताओं के संग्रह पर आधारित सुन्दर पाण्डुलिपि रज़ा लाइब्रेरी में संरक्षित है जो देखते ही बनती है। इसे उसी रूप में लाइब्रेरी ने प्रकाशित कर कविता प्रेमियों के लिये उपलब्ध भी करा दिया है। नवाब युसुफ अली खाँ ने 10 वर्षों तक शासन किया और 1865 में उनका स्वर्गवास हुआ।

नवाब यूसुफ़ अली ख़ाँ

नवाब कल्बे अली खां (1865–87 ई.) उर्दू और फ़ारसी भाषाओं के विद्वान थे। उन्हें पाण्डुलिपियों, पेंटिंग और कलात्मक नमूनों के संग्रह में काफ़ी रूचि थी। उन्होंने कला–पारखियों के सहयोग से अनेक दुर्लभ पाण्डुलिपियों, पेंटिंग तथा कलात्मक नमूनों को उपलब्ध करके लाइब्रेरी के संग्रह को सम्पन्न किया था। उनके समय में रामपुर कला, काव्य, कैलीग्राफ़ी तथा शिक्षा का प्रमुख केन्द्र बन गया। रामबाबू सक्सेना ने इस युग में शिक्षा एवं साहित्य की उन्नति का उल्लेख करते हुये लिखा है कि "अदबी हैसियत से रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का (यह) सुनहरा काल कहा जाता है क्योंकि उस समय हर प्रकार के "अहले कमाल" (विद्वान) मौजूद थे।"

नवाब कल्बे अली ख़ाँ

इसके बाद 1887–89 ई. तक नवाब मुश्ताक अली खां रामपुर की गद्दी पर बैठे लेकिन उनके बीमार रहने की वजह से 1887 में जनरल अज़ीमुद्दीन खां रियासत का कार्य देखते थे। उन्होंने एक प्रबन्ध समिति बनाई थी तथा लाइब्रेरी के विकास एवं रख–रखाव के लिये पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया था। लाइब्रेरी की ख्याति और प्रगति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एक दूसरी इमारत का शिलान्यास किया।

नवाब मुश्ताक अली ख़ाँ

नवाब हामिद अली खां (1889–1930 ई.) ने गद्दी संभालने से पहले कई देशों का भ्रमण किया था। उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की थी और रामपुर शहर में अनेक सुन्दर महलों तथा राजकीय इमारतों का निर्माण कराया था। नवाब मुश्ताक अली खाँ ने जिस इमारत का शिलान्यास किया था, उन्होंने 31 मार्च 1892 ई. को इसका बड़ी धूम–धाम से उद्घाटन किया और लाइब्रेरी के संग्रह को तोशाखाना से इस इमारत (वर्तमान राजकीय आई.टी.आई) में स्थानांतरित किया। उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध संग्रह को देश–विदेश के सभी शोधकर्ताओं के उपयोग के लिये खोल दिया। उन्होंने किला परिसर में एक सुन्दर भवन ''हामिद मंज़िल'' बनवाया, इस भवन में 1957 से रज़ा लाइब्रेरी स्थित है। यह इमारत इण्डो–यूरोपियन (Indo-European) शैली का उत्तम नमूना है।

नवाब हामिद अली ख़ाँ

उन्होंने इस लाइब्रेरी के प्रबंधन में भी काफ़ी सुधार किया। इनके शासन काल में हकीम अजमल खां, मौलवी नजमुल ग़नी खां और हाफ़िज़ अहमद अली खां शौक़ को लाइब्रेरी के रख–रखाव तथा प्रबन्धन के लिए नियुक्त किया गया। इन लोगों ने लाइब्रेरी की बहुत सेवा की तथा अरबी पाण्डुलिपियों एवं मुद्रित पुस्तकों की सूची उर्दू भाषा में भी बनाई जिसे लाइब्रेरी की ओर से 1902 तथा 1928 में प्रकाशित किया गया। यह सूची अनुपलब्ध है तथा इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे पुनः प्रकाशित किया गया

(केवल 2 खण्ड) अप्रकाशित सूचियों के प्रकाशन कार्य प्रगति में हैं।

नवाब रज़ा अली ख़ां (1930–1966 ई.) रामपुर की गद्दी पर 30 जून, 1930 को आसीन हुए। उन्होंने स्वदेश के साथ ही विदेशों में भी शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने शहर में शिक्षा के प्रचार–प्रसार में बड़ी रुचि ली और कालेज और स्कूलों के खोलने में विशेष प्रयत्न किया। उन्हें भारतीय संगीत से काफ़ी लगाव था तथा इस उद्देश्य से उन्होंने अधिक संख्या में भारत तथा विदेशों से पाण्डुलिपियाँ और दुर्लभ पुस्तकें ख़रीदी जो भारतीय संगीत से सम्बन्धित थीं। वह स्वयं प्रसिद्ध हिन्दी कवि थे तथा 'रज़ा' उपनाम से हिन्दी में कविताएं लिखते थे। इनकी 'संगीत सागर' नामक रचना लाइब्रेरी में सुरक्षित हैं। रामपुर में संगीत, कला और संस्कृति के विकास के लिये उन्होंने अत्यधिक उदारता दिखायी थी।

नवाब रज़ा अली ख़ाँ

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् रामपुर की रियासत भारतीय संघ में सम्मिलित कर दी गयी। इसके बाद 6 अगस्त 1951 से एक ट्रस्ट जून, 1975 तक रज़ा लाइब्रेरी के प्रबन्धन सम्बन्धी समस्त कार्यों की देख–रेख किया करता था।

प्रो. सैय्यद नूरूल हसन जो कि भारत सरकार के तत्कालीन राज्य मंत्री (शिक्षा एवं वैज्ञानिक शोध) थे, उन्होंने कई बार पुस्तकालय का भ्रमण किया तथा बहुमूल्य संग्रह व पुस्तकालय की धीरे–धीरे ख़राब होती हुई स्थिति को देखकर चिंतित रहते थे। उनके एवं नवाब सैय्यद मुर्तज़ा अली ख़ां के प्रयासों से भारत सरकार ने 1 जुलाई, 1975 ई. को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी एक्ट सं० 22 के अधीन पुस्तकालय को अपने अधिकार क्षेत्र में लेकर राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया तथा महत्वपूर्ण क़दम उठाकर प्रबन्ध में सुधार किये एवं आर्थिक सहायता प्रदान की।

अधिनियम की धारा 4 (2) के अन्तर्गत गठित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड के द्वारा लाइब्रेरी का प्रबन्ध किया जाने लगा। बोर्ड के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के माननीय श्री राज्यपाल होते हैं। बोर्ड में 12 सदस्यों का प्रावधान है, जिनमें रामपुर रियासत के नवाब ख़ानदान का एक सदस्य नियुक्त किया जाता है। इनके अलावा शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे इतिहास, अरबी, फ़ारसी आदि के विद्वानों के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी होते हैं।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के निदेशक/सदस्य सचिव का पद है, इसलिये बोर्ड तथा उपसमितियों की बैठकें आयोजित करने तथा उनके द्वारा लिये गए निर्णयों के कार्यान्वयन की ज़िम्मेदारी निदेशक को दी गई है। 1975 से रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के निदेशकों/विशेषकार्याधिकारी के नाम **परिशिष्ट–1 (पृष्ठ सं० 57)** में दिये गये हैं।

लाइब्रेरी भवन एवं भूमि

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का संचालन 1957 से वर्तमान भवन हामिद मंजिल में किया जा रहा है। जैसा कि कहा गया है किले के अन्दर स्थित यह भव्य इमारत इण्डो–यूरोपियन भवन निर्माण कला का उत्कृष्ट नमूना है। 18 नवम्बर 1982 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हामिद मंज़िल के साथ ही रंगमहल एवं इसके चारों ओर स्थित ख़ाली जगह का स्वामित्व भारत सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया था।

भारत सरकार से यह अपेक्षा की गई थी कि वह इन भवनों की समय–समय पर मरम्मत, पुनरूद्धार एवं रख–रखाव हेतु अपने कोष से आवश्यक व्यय करेगी, जो वह करती है। 18 नवम्बर, 1982 को सरकारी दस्तावेज़ो के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत सरकार को सौंपे गए भवनों तथा भूमि का विवरण निम्नलिखित है :–

भवन एवं भूमि	क्षेत्रफल
हामिद मंजिल	26,495 वर्गफुट
रंग महल	17,664 वर्गफुट
लॉन एवं भूमि, लॉन की भूमि सहित भूमि का क्षेत्र	2,08,941 वर्गफुट

इस भव्य इमारत के चारों ओर ख़ाली स्थान को मुगल शैली की 'चार बाग' प्रणाली से शोभायुक्त बगीचे के रूप में विकसित किया गया, जिसमें फव्वारे, पानी की नहर और चुनिन्दा फूल तथा सुन्दर पेड़–पौधे लगाये गये हैं। इस स्थान को अत्यधिक आकर्षित बनाने के लिए पानी की गहरी नहरों के ऊपर चारों ओर सुन्दर ढंग से कोटा पत्थर लगाये गये हैं परन्तु समय बीतने के साथ साथ इनका जीर्णोद्वार भी किया जाता रहा है और अब भी इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है। भवन के अन्दर स्थित दरबार हाल में जो दुर्लभ वस्तुओं आदि का संग्रहालय है, प्रवेश द्वार से ठीक पहले मूर्तिकला के सर्वोत्कृष्ट स्तर को प्रदर्शित करने वाली गैलरी है जिसमें ग्रीक स्त्रियों की विभिन्न मुद्राओं वाली आकर्षक मूर्तियां लगी हुई हैं। यह 17वीं–18वीं शताब्दी में निर्मित की गई थी और इनको इटली से तत्कालीन नवाब ने आयात किया था। संग्रहालय के अन्दर भी अनेक आदम कद मूर्तियां लगी हुई हैं। गैलरी में बने हुए कनोपियां, कोरनिस एवं चमकदार छत को शुद्ध सोने से अलंकृत किया गया है जो इसको और शानदार बनाते हैं। संग्रहालय की छत में पाँच वृहद आकार के झूमर लगे हुए हैं तथा उस समय देखने में अत्यन्त आकर्षक लगते हैं, जब इनमें लगे सौ वर्ष पुराने मूल बल्बों को जलाया जाता है। दरबार हाल में भी यर्थाथ आकार (पूरा कद) की 5 पत्थर की मूर्तियां लगी हुई हैं।

सौ वर्षों से अधिक पुराने रामपुर के ऐतिहासिक किले में स्थित हामिद मन्ज़िल और रंगमहल का संरक्षण एक निरन्तर प्रक्रिया है। हामिद मंज़िल उत्तर भारत के इण्डो–यूरोपियन (मुग़ल) वास्तु कला का अनोखा उदाहरण है। इसमें मूर्ति कला की इटैलियन शैली की गैलरी सुन्दर ताकों और कैनोपी से सुसज्जित है और इसके विशाल कमरें तथा विशाल दरबार हाल की छत सोने से सुसज्जित है।



दरबार हॉल का दृश्य

रज़ा लाइब्रेरी में सम्पूर्ण ऐतिहासिक इमारत का संरक्षण पुरातात्विक नियमों के अन्तर्गत छतों तथा उसके भीतरी भागों, फ़र्श, लॉन (घास के मैदान), दीवारों आदि की मरम्मत की गई तथा रंग रौग़न किया गया। लाइब्रेरी भवन के मुख्य गुम्बद का जीर्णोधार बहुत आवश्यक है।

इस वर्ष कराये गये नवीन कार्य इस प्रकार हैं–

- हामिद मंजिल एवं रंगमहल दोनों इमारतों की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई।
- हामिद मंजिल एवं रंगमहल में लाइटिंग पोल लगाये गये।

रज़ा लाइब्रेरी संग्रहालय

पुस्तकालय के दरबार हाल हामिद मंज़िल में 19 जुलाई, 1997 को एक संग्रहालय की स्थापना की गयी थी तब से आज तक आने वाले दर्शनार्थी एवं शोधकर्ताओं के लिये कला, शिक्षा, शोध एवं पुरातत्त्वविज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तर की जानकारी प्रदान करने हेतु अधिक प्रयास किये जा रहे हैं। लाइब्रेरी के प्रबन्धन विभाग द्वारा लाइब्रेरी के सग्रंहालय को देखने हेतु आने वाले दर्शकों के लिये ऐतिहासिक दुर्लभ पाण्डुलिपियों, सिक्कों, लघु–चित्रों, कैलीग्राफ़ी के नमूनों, पुराने हथियारों तथा कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। अधिकांश आगन्तुक इन धरोहरों का अवलोकन करते हैं। यह कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अत्यन्त सहायक है। सप्ताह के सभी दिन (राजकीय एवं साप्ताहिक अवकाश के अतिरिक्त) यह प्रातः 10:00 बजे से सायं: 05:00 बजे तक अवलोकन हेतु खुला रहता है।

लाइब्रेरी संग्रह

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में लगभग 17,000 दुर्लभ वस्तुएँ हैं जिनमें चित्रित पाण्डुलिपियाँ, लघुचित्र, इस्लामिक कैलीग्राफी के नमूने, कला–कृतियाँ, खगोलीय उपकरण, ऐतिहासिक सिक्के सम्मिलित हैं तथा विभिन्न भाषाओं में लगभग 62,000 मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त पत्रिकाओं का भी बड़ा एवं महत्वपूर्ण संग्रह उपलब्ध है।

पुस्तकालय संग्रह में अरबी, फ़ारसी, संस्कृत, तुर्की, पश्तो, हिन्दी तथा उर्दू भाषा जैसी प्राचीन मध्यकालीन तथा भारतीय भाषाऐं हैं। इन भाषाओं में इतिहास, दर्शनशास्त्र, धर्म, विज्ञान, साहित्य कला तथा वास्तुकला जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पाण्डुलिपियाँ सम्मिलित हैं। लघु चित्र तुर्क–मंगोल, मुग़ल, पर्शियन, राजपूत, पहाड़ी, अवध तथा एंगलो–यूरोपियन कलाविद्या प्रदर्शित करते हैं जिन्हें शोधकर्ताओं के लिये अत्यधिक महत्वपूर्ण माना गया है।

पाण्डुलिपियों के अतिरिक्त मुद्रित पुस्तकों के अनुभाग का भी अपना एक अलग महत्व है। इस अनुभाग में सैकड़ों दुर्लभ अरबी, फारसी, उर्दू, तथा हिन्दी की पुस्तकें हैं जो अब प्रकाशित नहीं होती हैं केवल रज़ा लाइब्रेरी में ही संरक्षित हैं और शोधकार्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

इस लाइब्रेरी के संग्रह का रोचक तथ्य यह है कि यहां विश्व के विभिन्न स्थानों जैसे हलब, मक्का, मदीना, इजिप्ट, ईरान, अफ़ग़ानिस्तान और इसके साथ ही मुग़ल काल के शासकों की शाही लाइब्रेरियों की पाण्डुलिपियाँ भी हैं। इसके अतिरिक्त बीजापुर के आदिल शाही और गोलकुण्डा की कुतुबशाही लाइब्रेरी तथा हैदराबाद के नवाबों, शासको की मोहरें भी उन पाण्डुलिपियों पर मौजूद हैं।

पाण्डुलिपियों का संग्रह इस प्रकार है :

1.	अरबी पाण्डुलिपियां	5488	खण्ड (volumes)
2.	फारसी पाण्डुलिपियां	5403	,,
3.	उर्दू पाण्डुलिपियाँ	1441	,,
4.	उर्दू पाण्डुलिपियाँ (ड्रामा)	445	,,
5.	संस्कृत पाण्डुलिपियाँ	626	,,
6.	हिन्दी पाण्डुलिपियाँ (उर्दू लिपि में)	38	,,
7.	हिन्दी पाण्डुलिपियाँ (देवनागरी लिपि में)	19	,,
8.	तुर्की पाण्डुलिपियाँ	37	,,
9.	पश्तो पाण्डुलिपियाँ	45	,,
10.	लोहारू संग्रह की पाण्डुलिपियाँ	358	,,
11.	लोहारू संग्रह की डायरियाँ	84	,,
12.	ताड़पत्र पाण्डुलिपियाँ	205	,,
13.	नवीन परिग्रहण पाण्डुलिपियाँ एवं दुर्लभ मुद्रित पुस्तकें (लगभग)	400	,,
14.	लघुचित्र (35 एलबम में)	1000	
15.	इस्लामिक कैलीग्राफियाँ (84 एलबम में)	2000	

16.	ऐतिहासिक सिक्के	1361

मुद्रित पुस्तकों का संग्रह निम्नलिखित है (ओल्ड कैटलॉग रजिस्टर के अनुसार) :

1.	उर्दू की मुद्रित पुस्तकें	31095 खण्ड (volumes)
2.	अरबी की मुद्रित पुस्तकें	5892 ,,
3.	फारसी की मुद्रित पुस्तकें	4661 ,,
4.	ओल्ड अंग्रेजी की मुद्रित पुस्तकें	5329 ,,
5.	ओल्ड हिन्दी की मुद्रित पुस्तकें	304 ,,
6.	शोबा–ए–ख़ास (अरबी) की मुद्रित पुस्तकें	433 ,,
7.	शोबा–ए–खास (फारसी) की मुद्रित पुस्तकें	491 ,,
8.	शोबा–ए–खास (उर्दू) की मुद्रित पुस्तकें	1718 ,,
9.	लोहारू अनुभाग उर्दू की मुद्रित पुस्तकें	1207 ,,
10.	लोहारू अनुभाग अरबी की मुद्रित पुस्तकें	272 ,,
11.	लोहारू अनुभाग फ़ारसी की मुद्रित पुस्तकें	610 ,,
12.	लोहारू अनुभाग अंग्रेजी की मुद्रित पुस्तकें	792 ,,
13.	लोहारू अनुभाग हिन्दी की मुद्रित पुस्तकें	47 ,,
14.	लोहारू अनुभाग संस्कृत की मुद्रित पुस्तकें	37 ,,
15.	अन्य भाषाओं की मुद्रित पुस्तकें	194 ,,

नये वर्गीकरण के अनुसार पुस्तकों का संग्रह :

16.	न्यू अंग्रेजी पुस्तकें	4523
17.	न्यू हिन्दी पुस्तकें	2640
18.	न्यू उर्दू, अरबी, फारसी पुस्तकें	2409

अरबी पाण्डुलिपियों का संग्रह

अरबी पाण्डुलिपियों में सबसे दुर्लभ पाण्डुलिपि चतुर्थ खलीफा हज़रत अली (मृत्यु 661 ई.) द्वारा सातवीं सदी ईसवी. में कूफ़ी लिपि में पार्चमेंट पर हस्तलिखित कुरआन पाक है। आठवीं सदी में इमाम जाफ़र सादिक़ द्वारा पवित्र कुरआन की लिखी हुई दूसरी प्रति, नवीं सदी में इमाम अली रज़ा का हस्तलिखित पार्चमेंट पर लिखा हुआ कुरआन पाक, तथा दसवीं सदी का कुरआन पाक जो कि मशहूर ख़त्तात इब्ने मुक़ला द्वारा नस्ख़ लिपि में लिखा हुआ है, लाइब्रेरी के संग्रह में सम्मिलित हैं। इब्ने मुक़ला ने बग़दाद के तीन ख़लीफ़ाओं के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की थी। इन्होंने अक्षरों को कूफी लिपि से नस्ख़ लिपि में रूपान्तर किया जो अभी भी एक से ज़्यादा रूप में प्रचलन में है। यह रज़ा लाइब्रेरी में मौजूद संग्रह का अनूठा, दुर्लभ एवं अनमोल नमूना है।

हज़रत अली (रजि०) के हाथ से लिखा हुआ 7वीं सदी के कुरान का एक पृष्ठ

रज़ा लाइब्रेरी के संग्रह में पवित्र कुरआन की एक दुर्लभ पाण्डुलिपि जो 13वीं शताब्दी के बग़दाद के निवासी मशहूर ख़त्तात याकूत अल मुस्तास्मी द्वारा लिखी गयी थी, उपलब्ध है। यह सोने एवं क़ीमती नीलम के रंगों से अलंकृत की गई है। इसी प्रतिभावान ख़त्तात की हस्तलिपि में एक अन्य महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि दीवान–अल–हादिरा (629 हिजरी/1221 ई०) भी लाइब्रेरी के संग्रह में सुरक्षित है। यह पाण्डुलिपि बीजापुर के सुल्तान इब्राहीम आदिल शाह के शाही पुस्तकालय में उनके शासनकाल में थी। इस पाण्डुलिपि पर बीजापुर के सुल्तान की शाही मोहर भी लगी हुई है। यह लाइब्रेरी द्वारा प्रकाशित हो चुकी है, जिसका सम्पादन अरबी के प्रसिद्ध विद्वान प्रो० मोख़्तार उद्दीन अहमद (1924–2010 ई०) ने किया है।

रज़ी–उद–दीन अस्तराबादी द्वारा 1640 ई० में लिखी गई एक अन्य अमूल्य अरबी पाण्डुलिपि ''शरह–अल–काफिया'' भी है, जिस पर मुग़ल बादशाह शाहजहाँ के प्रधानमंत्री नवाब सादुल्लाह ख़ान द्वारा हाशिये पर लिखा नोट मौजूद है। इस पर शाहजहाँ ने स्वयं भी एक नोट लिखा है, इसके साथ ही इस पर सादुल्लाह ख़ाँ, इनायत ख़ाँ, ऐतमाद ख़ाँ, मोहम्मद सालेह ख़ाँ, औरंगज़ेब आलमगीर और 18वीं सदी के प्रसिद्ध अरबी–फारसी विद्वान मीर गुलाम अली आज़ाद बिलग्रामी (मृ० 1786 ई०) इत्यादि के हस्ताक्षर के साथ मोहरें भी अंकित हैं।

फ़ारसी पाण्डुलिपियों का संग्रह

फ़ारसी भाषा में लिखी गयी पाण्डुलिपियों के संग्रह में ज़ैनउद्दीन इब्राहीम गुरगानी (मृत्यु 531 हि०/1136 ई०) की 565 हि०/1169 ई० में प्रतिलिपिकृत पाण्डुलिपि ''ज़ख़ीरा–ए–ख़्वारिज़्म शाही'' सम्मिलित है। एक अन्य पाण्डुलिपि ''तफ़सीरे तबरी'' को 12वीं सदी ई० में मिर्ज़ा मोहम्मद बिन मुजतहिद ने लिखा। इसका अरबी से, फ़ारसी में अनुवाद अब्दुल बाक़ी ने किया। इस पाण्डुलिपि पर ईरान के शाह अब्बास व क़ासिम बेग ख़ां 1031 हि० (1621–22 ई०) के हस्ताक्षर हैं।

फ़ारसी भाषा में लिखी पुरानी पुस्तकों में मंगोल कबीलों के इतिहास पर रशीदुद्दीन फ़ज़लुल्लाह ने ''जामेउत तवारीख़'' नामक पुस्तक लिखी है। यह पाण्डुलिपि विभिन्न प्रकार के चित्रों से सुसज्जित है। इनमें चित्रों के द्वारा मंगोलों के धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन से सम्बन्धित घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है। यह चित्र चीन तथा मध्य एशिया की प्रारम्भिक पेन्टिंग्स से प्रभावित है तथा इनमें चीन एवं मध्य एशिया की कला का अद्भुत समन्वय दिखाई पड़ता है। यह चित्र हेरात स्कूल का भी प्रतिनिधित्व करते हैं और यह पाण्डुलिपि 14वीं शताब्दी से सम्बन्धित है।

ज़ामिउत तवारीख़ का
एक चित्रित पृष्ठ

लाइब्रेरी में निजामी गंजवी (मृत्यु 1209 ई०) द्वारा रचित पाण्डुलिपि 'ख़म्सा' भी उपलब्ध है। यह 949 हिजरी/1542–43 ई. शताब्दी में लिखी गई थी। यह ईरानी शैली में लिखी गई है और विभिन्न प्रकार के सुन्दर बेल–बूटों से सुसज्जित है।

एक अन्य महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि अब्दुर्रहमान जामी का ख़म्सा है जिसे 977 हिजरी/1569–70 ई० में मोहम्मद बिन अलाउद्दीन ने लिखा। मौलाना जामी की मसनवी 'हफ़्त औरंग' 1038 हिजरी/1628 ई० जो जमालुद्दीन कातिब शीराज़ी द्वारा लिखी मसनवियों के साथ शामिल है।

915 हिजरी/1509 ई० में लिखी गई पाण्डुलिपि ''दीवाने जामी'' पर अली अकबर की पुत्री एवं बादशाह अकबर की माता हमीदा बानो की सुन्दर मोहर अंकित है। साथ ही इस पर शाहजहाँ की सुपुत्री नज़र आरा बेगम की मोहर भी है। यह भी एक रोचक तथ्य है कि शाहजहाँ की सुपुत्री नज़र आरा बेगम का समकालीन फारसी साहित्य में कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है।

लाइब्रेरी संग्रह में मध्य सोलहवीं शताब्दी की एक चित्रित पाण्डुलिपि ''कलीला व दिमना' है, जो पंचतंत्र का फ़ारसी अनुवाद है। यह अनुवाद अबुल मआली नसरूल्लाह बिन मुहम्मद ग़जनवी ने किया था। इसके लघु चित्रों में प्राकृतिक पशु–पक्षी आदि सुन्दर व कलात्मक रूप से दर्शाये गये हैं।

मुगल बादशाह अकबर की चित्रकला में गहरी रूचि थी, विशेष रूप से मंगोल, तैमूरी तथा राजपूत रीति–रिवाजों पर आधारित पुस्तकों को चित्रित करने के लिए उन्होंने भारतीय तथा पर्शियन दोनों ही तरह के अनेक कलाकारों एवं विद्वानों को अपने दरबार में नियुक्त किया था तथा एक अनुवादालय की भी स्थापना की थी। जिसमें चित्रण के अतिरिक्त संस्कृत से फ़ारसी में पुस्तकों का अनुवाद किया गया जिससे विभिन्न समुदायों के बीच सद्भावना और आपस में उत्तम संबंध बनाए जा सकें।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में सौभाग्य से एक सौ पचास चित्रित कला एवं साहित्य की पाण्डुलिपियाँ हैं। इन कृतियों में उस समय के रहन–सहन का स्तर, कला, वास्तुकला,

रीति–रिवाज़ों, आभूषणों के अलावा स्थलाकृति का वर्णन, वनस्पति, जीव–जन्तु तथा परम्परागत संगीत यंत्रों का वर्णन है।

लाइब्रेरी संग्रह में एक दुर्लभ और बहुमूल्य सचित्र शाही पाण्डुलिपि ''दीवाने हाफ़िज़'' उपलब्ध है जो सम्भवतः 16वीं शताब्दी ई० में अकबर के शासनकाल के दौरान लिखी गई। इसमें अकबर के शासन काल को चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इस पाण्डुलिपि के चित्रों को अकबर के दरबार में नियुक्त प्रसिद्ध चित्रकारों ने बनाया था। यह पाण्डुलिपि नस्तालीक़ लिपि में लिखी गयी है और इसमें ग्यारह लघु चित्र हैं जो निम्न वस्तुओं एवं घटनाओं को प्रदर्शित करते हैं :–

1. कान्हा द्वारा बनाई गई पेन्टिंग जिसमें मुगल बादशाह अकबर ''दीवाने हाफ़िज़'' को ध्यान से सुन रहा है।
2. दरवेश भक्ति संगीत के उत्साह से अभिभूत होकर ख़ानक़ाह में नृत्य करते हुए।
3. सांवला द्वारा बनाई गई पेन्टिंग जिसमें एक अर्द्धनग्न नौजवान पथरीली घाटी में विचरण करते हुए।
4. फर्रूख़ चेला द्वारा चित्रित जिसमें एक राजकुमार अपने दरबारियों के साथ बगीचे में संगीत का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहा है।
5. मनोहर द्वारा चित्रित की गई पेन्टिंग जिसमें एक चट्टानी घाटी में अपने अनुचर के साथ घुड़सवारी करता हुआ राजकुमार।
6. फ़र्रूख़ चेला द्वारा चित्रित, एक वृद्ध व्यक्ति भेड़ों के समूह को चराते हुए।
7. तुर्की हमाम में स्नान करते हुए तथा मालिश कराते हुए लोग।
8. एक राजकुमार अपने दरबारियों के साथ बगीचे की छत पर संगीत तथा शराब का आनन्द लेते हुए, चित्रकार नरसिंह द्वारा बनायी गयी पेंटिंग।
9. तूफ़ान के पानी में डूबते हुए जहाज़ का चित्र।
10. एक राजकुमार अपने बगीचे में विद्वानों और संगीतज्ञों के साथ बैठा कविताओं का सस्वर पाठ सुन रहा है।
11. युद्ध के मैदान में दो सेनाएं एक दूसरे के विरूद्ध दोषारोपण करती हुई, चित्रा द्वारा चित्रित।

अन्य दुर्लभ पाण्डुलिपियों में 'रिसाला ख़्वाजा अब्दुल्लाह अन्सारी' एवं 'सद पंद–ए–लुक़मान' की पाण्डुलिपि को एक साथ जिल्द बांधकर संरक्षित किया गया है। इनको नस्तालीक़ लिपि में हेरात के विख्यात ख़त्तात मीर अली (मृत्यु 1515 ई०/921 हिजरी) ने लिपिबद्ध किया था। इस पर बहुत से राजाओं व दर्शनशास्त्रियों के हस्ताक्षर एवं मुहरें लगी हुई हैं। इसे मुग़ल बादशाह शाहजहाँ ने अपने पुस्तकालय में प्रथम श्रेणी का स्थान प्रदान किया था तथा 1000 रू. में क्रय किया था। बादशाह ने इस पाण्डुलिपि की प्रतिलिपि जहाँ आरा बेगम को प्रस्तुत की थी जिन्होंने अपनी हस्तलिपि में इसके महत्व की अभूतपूर्व प्रशंसा की है कि "अगर उनकी हज़ार ज़ुबाने भी होती तो इसका वर्णन सही से नहीं कर पाती।" इस पर 998 हि०/1588 ई० की तारीख़ के साथ शाहजहाँ एवं औरंगज़ेब की मुहरें हैं।

इसी प्रकार 'दीवाने–हिलाली चुग़ताई' को मीर हुसैन–अल–हुसैनी ने 993 हिजरी/1584 ई. में नस्तालीक़ में लिपिबद्ध किया था। इस पर शाहजहाँ के शासन काल के प्रसिद्ध व्यक्तियों

जैसे एतिमाद ख़ान, इनायत ख़ान, सादिक़ ख़ान एवं प्रसिद्ध ख़त्तात अब्दुर–रशीद देलमी की मोहरें लगी हुई है।



दीवान–ए–हाफ़िज़ का एक चित्रित पृष्ठ

शाहजहाँ और औरंगजेब के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित रिसाला ख़्वाजा अब्दुल्लाह अन्सारी' एवं 'सद पंद–ए–लुक़मान' का एक पृष्ठ

अद्वितीय चित्रित वाल्मीकि रामायण जिसका अनुवाद 1128 हिजरी/1715 ई० में फर्रूख़ सियर के शासन के दौरान फारसी में सुमेर चन्द द्वारा किया गया। इसमें 258 लघु चित्र हैं जो उस समय की कला, वास्तुकला, वस्त्र और आभूषणों आदि पर प्रकाश डालते हैं तथा इसके अलावा भारत की अन्तिम मध्य युगीन मिश्रित संस्कृति को दर्शाते हैं। इस अभूतपूर्व कलात्मक पाण्डुलिपि को देवनागरी लिपि में लाइब्रेरी ने प्रकाशित किया है जिसका विद्वानों ने स्वागत किया है। फ़ारसी पाण्डुलिपियों में ऐसी पाण्डुलिपियों की भी अधिकता है जो संस्कृत से फ़ारसी में अनुवादित हैं।

उर्दू पाण्डुलिपियों का संग्रह

पुस्तकालय के संग्रहालय में उर्दू की पाण्डुलिपियों की संख्या अरबी एवं फारसी भाषा में उपलब्ध पाण्डुलिपियों से कम है। परन्तु लाइब्रेरी में शाह हातिम का दीवान, कुल्लियाते मीर, जुरअत, हसन, दीवाने सोज़ और दीवाने ग़ालिब की महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियाँ मौजूद हैं। इनके अतिरिक्त इन्शा अल्लाह ख़ाँ की ''रानी केतकी की कहानी'' की दो दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ भी उपलब्ध हैं। रामपुर रियासत के नवाब यूसुफ़ अली ख़ान 'नाज़िम' का सोने से सुसज्जित 'दीवान' भी लाइब्रेरी के संग्रह में है, जिसमें नवाब साहब का सुन्दर चित्र भी सम्मिलित है। इस पाण्डुलिपि को रज़ा लाइब्रेरी की ओर से प्रकाशित किया जा चुका है।



दीवान–ए–नाज़िम का एक पृष्ठ

ताड़पत्रों का संग्रह

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में ताड़पत्र पर लिखी हुई बहुमूल्य पाण्डुलिपियां भी उपलब्ध हैं, जिनमें मुख्यतः तेलगू, संस्कृत, कन्नड़, सिंहली व तमिल भाषा में हैं। ये मुख्यतः धार्मिक विषयों पर आधारित हैं। एक तमिल पाण्डुलिपि में मूर्तियों के निर्माण व पूजन–पद्धति को बताया गया है। एक अन्य पाण्डुलिपि में विविध पौधों के औषधीय गुणों को बताया गया है, जिनसे बीमारियों का उपचार किया जाता है। ग्रन्थ लिपि में लिखी गई संस्कृत भाषा की एक पाण्डुलिपि ''रामायण'' **"ब्रहम्वाचकम्"** के रूप में स्तुति करती है। एक पाण्डुलिपि कन्नड़ में संगीत के विषय पर आधारित है। एक अन्य पाण्डुलिपि पेरियाटिन वैमोलि है, जो वैष्णवों के पवित्र भजन है।

हिन्दी और संस्कृत पाण्डुलिपियों का संग्रह

पुस्तकालय के संग्रह में हिन्दी व संस्कृत भाषा की लगभग 600 पाण्डुलिपियाँ संग्रहित हैं जिनमें अधिकतर पाण्डुलिपियों का समुचित मूल्यांकन नहीं हुआ है यह पाण्डुलिपियाँ विभिन्न विषयों यथा काव्य, ज्योतिष, कोश, न्याय, पुराण, स्रोत, वेदान्त इत्यादि से सम्बन्धित हैं। महाकवि कालिदास द्वारा रचित ग्रंथों (रघुवंश, मेघदूत, कुमारसम्भव) की पाण्डुलिपियाँ भी यहाँ उपलब्ध हैं। रज़ा लाइब्रेरी में संग्रहित कुछ पाण्डुलिपियों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है–

1. **मेघदूत** – मेघदूत की तीन पाण्डुलिपि हैं। मेघदूत की बालबोधिनी टीका में 125 पद्य हैं। इसका समय 1906 सम्वत्/शक सम्वत 1771/ 1849 ई० है। यह टीका समय सुन्दर मणि द्वारा की गई है। मेघदूत की प्रकाशित पुस्तकों में प्रसिद्ध संजीवनी टीका में 115 पद्य हैं। अन्य दो पाण्डुलिपियों का समय एवं टीकाकार का विवरण प्राप्त नहीं होता है।

2. **तर्कसंग्रह** – न्याय एवं वैशेषिक दोनों दर्शनों को समाहित करने वाला ग्रंथ है। मूल ग्रंथ अन्नमभट्ट द्वारा रचित है। पुस्तकालय में तर्क संग्रह की चार पाण्डुलिपियाँ हैं। तर्क संग्रह दीपिका – ये टीका स्वयं अन्नमभट्ट ने की है। इसके अतिरिक्त अन्य तीन टीकाओं के रचियता ज्ञात नहीं है। इसमें से एक पाण्डुलिपि का समय संवत् 1831/1775 ई० है।

3. **याज्ञवल्क्यस्मृति** – यह ऋषि याज्ञवल्क्य द्वारा रचित हिन्दु धर्मशास्त्र का अत्यन्त सुव्यवस्थित ग्रन्थ है। याज्ञवल्क्य स्मृति में तीन काण्ड हैं और प्रत्येक काण्ड में अनेक अध्याय हैं। रज़ा लाइब्रेरी में उपलब्ध पाण्डुलिपि में भी तीन अध्याय हैं परन्तु इसमें पूर्ण अध्याय नहीं हैं। इसका समय संवत् 1877/1881 ई० है तथा इसके लेखक तल्फ़ी हैं।

4. **घटकर्पर काव्य** – घटकर्पर विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक हैं। घटकर्पर काव्य घटकर्पर द्वारा रचित है, ऐसा माना जाता है। यह एक दूत काव्य है जिसमें एक विरहिणी नायिका ने अपने विरह की व्यंजना व्यक्त की है। इसमें केवल 22 पद्य हैं। पुस्तकालय में उपलब्ध पाण्डुलिपि में भी 22 पद्य प्राप्त होते हैं। यह यमक अलंकार में निबद्ध काव्य है। इसकी टीका तारचन्द द्वारा की गई है।

5. **वेदांतसार** – वेदांतसार के मूल लेखक सदानन्द योगीन्द्र हैं और इसका रचनाकाल 16वीं शताब्दी है। इसमें अद्वैत, वेदांत के विषयों का विस्तृत विवेचन किया गया है। पाण्डुलिपि में सम्पूर्ण ग्रंथ नहीं है। इसका समय संवत् 1904/1847 ई० है।

इस प्रकार लाइब्रेरी में संस्कृत की कई दुर्लभ पांडुलिपियाँ हैं, जो विद्वानों के शोधकार्य के लिए लाभप्रद हो सकती हैं।

18 वीं शताब्दी, श्रीमद्भागवद गीता से एक चित्रित पृष्ठ

लाइब्रेरी के संग्रह में हिन्दी की ऐसी पाण्डुलिपियाँ एवं पुस्तकें उपलब्ध है, जिनको मूलतः फारसी लिपि में लिखा गया था जैसे – रस प्रबोध, मधुमालती, अंग–दर्पण आदि इन्हें लाइब्रेरी प्रकाशन द्वारा देवनागरी लिपि में प्रकाशित किया गया है जिससे आमजन को उपयोग में सुविधा हो सके। परन्तु अभी कुछ और पाण्डुलिपियाँ हैं जिनकी महत्ता को देखते हुए उन्हें देवनागरी में प्रकाशित किया जाना चाहिये जैसे "पद्मावत" आदि।

पुस्तकालय के संग्रह की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियों में मलिक मंजन द्वारा लिखित 'मधुमालती' के अतिरिक्त मलिक मोहम्मद जायसी की ''पद्मावत'' फ़ारसी अनुवाद के साथ ही नस्तालीक लिपि में भी संरक्षित है। हिन्दी के मशहूर कवि गुलाम नबी रसलीन बिलग्रामी (1741 ई.) द्वारा लिखी गयी पुस्तक ''अंग दर्पण'' और ''रस प्रबोध'' भी लाइब्रेरी के संग्रहालय में संरक्षित है। लाइब्रेरी में संग्रहित शाह मोहम्मद क़ाज़िम की हिन्दुस्तानी संगीत से सम्बन्धित ''नग़मातुल असरार'' तथा मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय की हिन्दी कविताओं का संग्रह ''नादिराते शाही'' को प्रकाशित किया गया है।

तुर्की पाण्डुलिपियों का संग्रह

'दीवान–ए–बाबर' का एक पृष्ठ

दिल्ली के सुल्तानों तथा विशेषकर प्रारम्भिक मुग़लों के समय में तुर्की भाषा का भारतीय राजनीति पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा। तुर्की भाषा के अनेक शब्द हिन्दी, उर्दू एवं अन्य भाषाओं में प्रयोग किये जाते रहे हैं। मुगल बादशाह बाबर तुर्की उज़्बैक भाषा का प्रसिद्ध लेखक व कवि था और पद्य व गद्य में एक विशेष शैली का भी अविष्कारक माना जाता है।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में तुर्की भाषा की 50 अमूल्य पाण्डुलिपियों का संग्रह विद्यमान है। जिसमें बाबर की ब्याज़ की अनूठी पाण्डुलिपि है जो ''दीवाने बाबर'' के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें बाबर की हस्तलिपि में एक तुर्की रूबाई (चौपाई) भी लिखी हुई है। इस पुस्तक के प्रारम्भिक पृष्ठ पर अकबर के सेनापति मोहम्मद बैरम खां की मुहर व हस्ताक्षर हैं जिसने ग़लती से दीवान के लेखन को बाबर से संबंधित कर दिया था, इस ग़लती का सुधार बाद में बादशाह शाहजहाँ ने अपनी हस्तलिपि में किया और लिखा कि फ़िरदौस मकानी (बाबर) ने अपनी हस्तलिपि में सिर्फ़ रूबाई (चौपाई) ही लिखी है। यह अद्वितीय पाण्डुलिपि 16वीं शताब्दी ई. की शाही प्रतिलिपि है। लाइब्रेरी ने इसे मूलरुप में प्रकाशित कर दिया है।

एक और अमूल्य पाण्डुलिपि दीवाने–बैरम ख़ां (अपूर्ण) तुर्की भाषा में नस्तालीक़ लिपि में लिखी हुई है। इसका हाशिया फूल–पत्ती एवं पक्षियों के चित्रों से सजा हुआ है जिससे इसकी सुन्दरता और भी बढ़ जाती है। तुर्की भाषा में नवीनतम कार्यों में से साहित्यकार इंशा अल्लाह ख़ां ''इंशा'' की दैनिक डायरी (रोज़नामचा) है जिसमें अवध के दरबार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। तुर्की पाण्डुलिपियों की सूची भी लाइब्रेरी द्वारा प्रकाशित की गई है।

पश्तो पाण्डुलिपियों का संग्रह

'दीवान–ए–रहमान बाबा' का एक चित्रित पृष्ठ

भारत वर्ष की अन्य ओरियन्टल लाइब्रेरी में उपस्थित संग्रह की तुलना में रज़ा लाइब्रेरी में पश्तो भाषा में उपलब्ध दुर्लभ पाण्डुलिपियों एवं मुद्रित पुस्तकों का संग्रह बहुत अच्छा है। इनमें कुरआन की पश्तो भाषा में लिखी गई टीका के अतिरिक्त ''दीवान खुशहाल ख़ान खटक'' के दो दुर्लभ खण्ड भी उपलब्ध हैं जो नस्तालीक लिपि में है तथा सोने से सुसज्जित है। यह कवि शाहजहाँ के काल से सम्बन्ध रखता है। सूफ़ी कवि रहमान बाबा का सचित्र ''दीवान'' पश्तो भाषा में ही लिखा गया है तथा लाइब्रेरी के संग्रह में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 18वीं सदी में अंग्रेज़ी शासकों से लड़ने एवं शहीद होने वाले रूहेला

अफ़ग़ानी सरदार हाफ़िज़ रहमत ख़ां की पाण्डुलिपि भी यहाँ सुरक्षित है।

लघुचित्रों का संग्रह

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी मे मंगोल, ईरानी, मुग़ल, दक्खिनी, राजपूत, पहाड़ी, अवध तथा ब्रिटिश चित्रकला स्कूल से सम्बन्धित लघु चित्रों, पोट्रेट एवं सचित्र पाण्डुलिपियों का बहुमूल्य संग्रह उपलब्ध है। पुस्तकालय में 35 लघु चित्रों एवं पोट्रेट के एलबम्स हैं जिनमें ऐतिहासिक मूल्य के चार हज़ार से अधिक चित्र हैं। बादशाह अकबर के शासनकाल के आरम्भिक वर्षों का एक अद्भुत एलबम है जिसे तिलिस्म कहते हैं। इसमें 157 लघु चित्र हैं जो ज्योतिषीय एवं जादुई अवधारणाओं के अलावा, समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन को चित्रित करते हैं। इसमें एक राजसी बैनर है जिस पर कुरान की आयतें हैं जो तैमूरी बैनर को दर्शाती हैं, जिस पर सूर्य और एक शेर का चित्र भी बना हुआ है जबकि इस एलबम के अन्य चित्र राशि चिह्नों से सम्बन्धित हैं। इस एलबम पर अवध के शासकों की मुहरें हैं जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि यह एलबम उनके पास संरक्षित थी। यहाँ के संग्रह में संतों व सूफ़ियों के चित्रों के एलबम भी हैं।

एलबम रागमाला से राग हिंडोल का चित्र

एलबम जहाँगीरनामा का मुगल लघुचित्र

एक महत्वपूर्ण एलबम रागमाला है जिसमें 35 राग व रागनियां, सुन्दर प्राकृतिक परिदृश्य, देवी–देवता, युवा संगीतज्ञ पुरूष व महिला, विभिन्न ऋतुएँ, समय एवं परिस्थितयों के माध्यम से दर्शाये गए हैं। यह 17वीं शताब्दी में मुग़ल शैली में बनाई गई बेजोड़ चित्रकला है।

रज़ा लाइब्रेरी में संग्रहित एलबमों में मंगोल, तैमूरी और मुग़ल शासकों, राजकुमारों व उनके दरबारियों के लघुचित्र मौजूद हैं। इनमें मुख्यतः चंगेज़, हलाकू, तैमूर, बाबर, हुमायूँ, अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगज़ेब, मोहम्मद बहादुर शाह ज़फ़र, गुलबदन बेगम, नूरजहाँ बेगम, बैरम ख़ान, एतेमादुद्दौला, आसफ़ ख़ान, सफ़दरजंग, बुरहानुलमुल्क, शुजाउद्दौला, आसिफ़–उद्–दौला, बुरहान निज़ाम शाह द्वितीय, सुल्तान कुतब शाह, अबुल हसन तानाशाह आदि चित्र मुख्य हैं। इसके अतिरिक्त ईरानी शासकों एवं राजकुमारों के भी चित्र

हैं जैसे सफ़वी शासक शाह अब्बास। मौलाना रूमी और हाफ़िज़ शिराज़ी का लघुचित्र भी उपस्थित है। लाइब्रेरी संग्रह में संग्रहित चित्रों को बनाने वाले कुछ दरबारी चित्रकार हैं–

अबुल हसन नादिरूज़्ज़मान	गोविंद	फ़र्रूख़ चेला
आसी क़हार	लाल चन्द	फ़तह चन्द
विचित्रा	लेख राज	कान्हा
भवानीदास	मनोहर	गोवर्धन
चित्रामान	मोहम्मद आबिद	गुलाम मुर्तज़ा
डालचन्द	नर सिंह	मोहम्मद हुसैन
रामदास	ठाकुर दास	मोहम्मद युसुफ़
साँवला	मोहम्मद अफ़ज़ाल	

ख़त्ताती (कैलीग्राफी) के नमूनों का संग्रह

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में संसार के प्रसिद्ध खत्तातों (कैलीग्राफरों) द्वारा लिखे इस्लामी खत्ताती के बेजोड़ नमूनों का संग्रह है। इनमें भारत, ईरान और मध्य एशिया के प्रसिद्ध खत्तात जैसे– मीर अली, मुहम्मद हुसैन कश्मीरी, ज़रीन रक़्म, सुल्तान अली मश्हदी, आक़ा अब्दुल रशीद देलमी, दारा शिकोह, मीर इमाद अल हुसैनी, अब्दुल्लाह मुश्कीन कलम, गुलज़ार रकम, मो. अकरम, मो. हबीब, मो. मासूम, मोमिन अल हुसैन, मो. रफ़ी, मो. हाशिम, मो. अमीन समरकन्दी इत्यादि शामिल हैं।

रामपुर रियासत के प्रसिद्ध खत्तातों में जिनके ख़त्ताती के नमूने रज़ा लाइब्रेरी में उपस्थित हैं उनमें मीर एवज अली, अदील मलीहाबादी, मौलवी इलाही बख़्श, मरजान रकम, गुलाम रसूल कश्मीरी, मो. हसन कश्मीरी, मो. सलामुल्लाह रामपुरी, मो. अज़ीम उल्लाह खां पहलवान रक़म, मो. अली, मेहन्दी अली खान आदि।

इस्लामिक कैलीग्राफी के नमूने

खगोल विद्या के उपकरण

पूर्व आधुनिक काल के वैज्ञानिक उपकरण, साहित्यिक प्रलेख की तरह, विज्ञान एवं तकनीक के इतिहास की संरचना का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। प्रायः कलात्मक दृष्टि से भी इनमें महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य कला–कृतियाँ हैं। वर्तमान समय में विश्व के संग्रहालयों तथा निजी संग्रहों में संरक्षित अत्याधिक संख्या में भारतीय खगोल विद्या के उपकरण एवं समय मापक उपकरण पूर्व इस्लामिक काल के पश्चात बनाए गए थे। पाण्डुलिपियों, चित्रों, मूर्तियों, गहनों की तरह यह वैज्ञानिक उपकरण भी हमारे सांस्कृतिक एवं बौद्धिक धरोहर को हिस्सा हैं।

कुफ़िक एस्ट्रोलेब

सेलेसियल ग्लोब

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खगोल विद्या के उपकरणों का संग्रह भी उपलब्ध है। संग्रह में तीन नियमित एस्ट्रो लैब, एक समुद्री दिशा यंत्र, चार नक्षत्र, एक साइन क्वाड्रेंट, एक परपेक्चुअल कलैण्डर–कम–होरेरी क्वाड्रेंट तथा एक होरेरी क्वाड्रेंट–कम–नॉकटर्नल हैं। इनमें से सात उपकरण भारत में निर्मित किये गये हैं, दो मध्य–पूर्व में एवं दो यूरोप में बनाये गये हैं। कालक्रम के अनुसार यह 13वीं, 15वीं, 16वीं, 17वीं एवं 19वीं सदी से सम्बन्धित हैं। इन उपकरणों पर अरबी, फारसी, संस्कृत एवं अंग्रेज़ी में किंवदंतियाँ हैं।

इस संग्रह में सबसे पुराना उपकरण अस–सिराज दमिश्की के द्वारा निर्मित (Astrolabe) एस्ट्रोलैब 626 हि०/1228 ई० का है। यह उपकरण सागर में यात्रा करते समय सूर्य तथा नक्षत्रों की गति मापने के लिए प्रयोग किया जाता था। दमिश्की द्वारा निर्मित दूसरे एस्ट्रोलैब 623–28 हि०/1226–30 ई० में निर्मित सालार जंग म्यूज़ियम, हैदराबाद में और 628 हि०/1230 ई० का राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में है।

संग्रह में एक अन्य उपकरण 834 हि०/1430–31 ई० में मो० इब्ने जाफ़र द्वारा किरमान (ईरान) में बनाया गया खगोलीय ग्लोब (सेलेसियल ग्लोब) है। समान महत्व का ही एक अन्य नाविक एस्ट्रोलैब है जिस पर कोई भी नाम या तिथि नहीं लिखी है। लाहौर के

जियाउद्दीन मोहम्मद द्वारा 1074 हि० / 1663–64 ई० में बनाया गया एक अन्य एस्ट्रोलैब भी है। लाइब्रेरी द्वारा इनका कैटलॉग "ASTRONOMICAL INSTRUMENTS IN THE RAMPUR RAZA LIBRARY" के नाम से प्रकाशित कर दिया गया है।

सिक्के एवं अन्य कला-कृतियाँ

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के संग्रह में विभिन्न विचित्र पुरावशेषों के साथ 1361 दुर्लभ सिक्के भी संरक्षित हैं। संग्रह में चांदी, कॉपर (तांबा) और बिलन से बने सिक्के मौजूद हैं। सोने के सिक्के भी यहाँ के संग्रह में उपलब्ध हैं। अत्यधिक सिक्के सल्तनत काल एवं मुगल काल से सम्बन्धित हैं। कुछ सिक्के प्राचीन काल से सम्बन्धित हैं जिन्हें पंचमार्क सिक्के कहते हैं। इन सिक्कों की कैटलॉगिंग की जा चुकी है।

मध्यकालीन सिक्के

संग्रहालय की विभिन्न वस्तुएँ

सांख्यिक संग्रह के आधार पर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में दिल्ली सल्तनत (1206–1526 ई०) से मुख्य रूप से ख़िलजी वंश (1290–1320 ई०) में अलाउद्दीन मुहम्मद शाह प्रथम, कुतुबउद्दीन मुबारकशाह प्रथम एवं तुगलक वंश (1320–1414 ई०) में ग्यासुद्दीन तुगलक शाह, मुहम्मद शाह द्वितीय; मुगल साम्राज्य (1526–1857 ई०) से शाहजहाँ, शाह आलम प्रथम, बहादुर शाह प्रथम, रौशन अख्तर मुहम्मद शाह, अहमद शाह बहादुर, अज़ीज़उद्दीन

आलमगीर द्वितीय, शाह आलम द्वितीय एवं दुर्रानी वंश (1747–1826 ई०) से संबंधित सिक्के उपलब्ध हैं।

रामपुर रज़ा संग्रहालय की कला–कृतियों में तलवार, ख़ंजर, मैडिल, शराबदान, मशाले, लैम्प, झूमर इत्यादि सम्मिलित हैं जो समय समय पर प्रदर्शित किए जाते हैं। इन कला–कृतियों को सूचीकृत किया जा रहा है।

अधिनियम और विनियम

(क) अधिनियम :-

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अधिनियम संख्या 22/1975 के अन्तर्गत भारत सरकार ने 1 जुलाई, 1975 को लाइब्रेरी को अपने अधीन कर लिया। अब लाइब्रेरी के समस्त कार्यों का प्रबंधन रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड के द्वारा किया जाता है जिसका गठन अधिनियम की धारा 4 (2) के अनुसार किया गया है।

(ख) विनियम :-

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अधिनियम 1975 (1975 का 22) की धारा 24 के अन्तर्गत बोर्ड तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने पाँच विनियम बनाये जिससे कि अधिनियम के द्वारा स्वीकार किये गये विभिन्न कार्यों को भली प्रकार किया जा सके।

निम्नलिखित पाँच विनियमों को स्वीकृति दी गई है जो इस प्रकार हैं :–

1. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी रख–रखाव विनियम
2. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी प्रशासन विनियम
3. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की बैठक विनियम
4. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन विनियम
5. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी (सर्विस रूल्स तथा रेगुलेशन्स) विनियम

उद्देश्य

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का मुख्य कार्य शोधकर्ताओं को उनके शोधकार्यों के लिये हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाना तथा बहुमूल्य दुर्लभ पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों के संग्रह का संरक्षण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना। इसके अलावा अरबी, फ़ारसी, उर्दू तथा हिन्दी की पाण्डुलिपियों के मूल को प्रकाशित करवाना, कार्यशाला, सेमीनार, प्रदर्शनी, विशेष व्याख्यानों (Lecture) इत्यादि का आयोजन करवाना है जिससे कि ज्ञान अर्जन को बढ़ावा दिया जा सके और शोधकर्ताओं में सृजन के प्रति न केवल जागरूकता बनी रहे, बल्कि उनमें निरन्तर वृद्धि भी होती रहे।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड एवं उप-समितियाँ

भारत की संसद के द्वारा 1 जुलाई, 1975 में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अधिनियम के बनाए जाने के उपरान्त लाइब्रेरी को राष्ट्रीय महत्व की संस्था का दर्जा दिया गया और लाइब्रेरी के प्रबन्धन के लिए रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की व्यवस्था उपर्युक्त अधिनियम की धारा 4(2) के अन्तर्गत की गई। बोर्ड के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल हैं और 12 अन्य सदस्यों का प्रावधान है जिनमें एक सदस्य तत्कालीन शासक नवाब परिवार का होगा। अन्य सदस्य प्रतिष्ठित विद्वान जो इतिहास, अरबी, फ़ारसी तथा इस्लामिक साहित्य के क्षेत्र के होंगे। इसके अलावा लाइब्रेरी के कार्य से संबंधित केन्द्र तथा राज्य सरकार के पदेन सदस्य होंगे। वर्तमान संगठित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड तथा उप–समितियों की सूची **परिशिष्ट–2 (पृष्ठ सं० 58–61)** में हैं।

बोर्ड मीटिंग

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड ने लाइब्रेरी का विकास करने तथा योजनाबद्ध कार्यक्रमों (स्कीमों) को प्रस्तावित करने के लिए **रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की 49वीं बैठक** आयोजित की। यह बैठक 20 दिसम्बर, 2019 को महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड श्रीमती आनन्दीबेन पटेल महोदया की अध्यक्षता में राजभवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई।

उप-समितियों की बैठक

- 27 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी भवनों के लिए संरक्षण उपसमिति की बैठक आयोजित हुई।
- 19 जून, 2019 को टैगोर राष्ट्रीय फैलोशिप की बैठक आयोजित हुई।

- 06 जुलाई 2019 को अवार्ड सर्च कमेटी की बैठक आयोजित हुई।
- 13 नवम्बर, 2019 को संरक्षण उपसमिति की बैठक लाइब्रेरी मीटिंग रूम में सम्पन्न हुई।

- 08 मार्च 2020 को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की "विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक" श्री आन्जनेय कुमार सिंह, तत्कालीन निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी/ जिलाधिकारी रामपुर की अध्यक्षता में मींटिंग रूम, रंगमहल में आयोजित हुई। बैठक में अन्य सदस्य डॉ० किश्वर सुल्ताना, पूर्व प्रोफेसर हिन्दी विभाग, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज रामपुर एवं डॉ० अब्दुल रऊफ, प्राचार्य सहारा डिग्री कॉलेज रामपुर और डॉ० अबुसाद इस्लाही, लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

लाइब्रेरी की सुरक्षा

लाइब्रेरी की निगरानी इसके प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण कार्य है। रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की सुरक्षा का भार केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) के 26 जवानों को सौंपा गया है। लाइब्रेरी के संग्रह का बराबर विस्तार किया जाता है इसलिये चौबीसों घण्टे इसकी सुरक्षा के लिये नज़र रखी जाती है। हामिद मंज़िल जहाँ दुर्लभ संग्रह और बहुमूल्य कलात्मक वस्तुयें रखी हैं उसके हर दरवाज़े और खिड़कियों में लोहे की ग्रिल लगा दी गई है। यहाँ आने वाले पाठकों, आगन्तुकों और विद्वानों को लाइब्रेरी परिसर में प्रवेश से पूर्व सी.आई.एस.एफ. कर्मचारियों की देख–रेख में मैटल डिटेक्टर गेट को पास करते हुए क्लॉक रूम में रखे रजिस्टर में अपने नाम और पते का उल्लेख करना होता है। लाइब्रेरी के भीतर थैले, पॉलीथीन और कैमरे ले जाना वर्जित है। पूरी लाइब्रेरी में सी०सी०टी०वी० कैमरे लगे हुए हैं जिसके द्वारा लाइब्रेरी की सुरक्षा पर कड़ी निगाह रखी जाती है। लाइब्रेरी के संग्रह को आग से बचाने के लिए अग्नि सुरक्षा यंत्र भी लगे हुए है।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी अवार्ड

रामपुर रियासत के प्रथम नवाब, नवाब फैज़ुल्लाह खाँ और नवाब रज़ा अली खाँ ने अनमोल शैक्षिक विरासत के संग्रह को संजोने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके अतुल्य योगदान और कार्यों के स्मरण में 1995 में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड द्वारा दोनों नवाबों के नाम पर अरबी, फारसी, इतिहास, कला एवं संस्कृत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले विद्वानों को अवार्ड देने का निश्चय लिया गया। इसके अतिरिक्त भी कुछ विषयों में अवार्ड की योजना रखी गयी है।

नवाब फैज़ल्लाह खाँ अवार्ड के लिए 1 लाख 11 हज़ार की धनराशि, **नवाब रज़ा अली खाँ अवार्ड** के लिए 1 लाख 11 हज़ार की धनराशि, **मुंशी नवल किशोर अवार्ड** उर्दू प्रकाशन के लिए 1 लाख, **मौलाना मोहम्मद अली जौहर अवार्ड वरिष्ठ** पत्रकारिता के लिए 1 लाख एवं **मौलाना मोहम्मद अली जौहर कनिष्ठ** पत्रकारिता के लिए 50 हजार की धनराशि स्वीकृत हैं। वर्ष 2019–20 में विभिन्न क्षेत्रों में निम्नलिखित अवार्ड प्रदान किये गये।

अवार्ड का नाम	अवार्ड प्राप्तकर्ता
नवाब फैज़ुल्लाह खाँ अवार्ड 2017–18	इस्लामिक अध्ययन के लिए पद्मश्री प्रो० अख़्तररूल वासे, कुलपति मौलाना आज़ाद विश्वविद्यालय, जोधपुर को 1 लाख 11 हजार रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र
नवाब रज़ा अली खाँ अवार्ड 2017–18	अरबी साहित्य के लिए डॉ० सैयद एहतेशाम अहमद नदवी, पूर्व विभागाध्यक्ष अरबी, कालीकट विश्वविद्यालय को 1 लाख 11 हजार रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र
मुंशी नवल किशोर अवार्ड 2017–18	उर्दू प्रकाशन के लिए अरीब पब्लिकेशन, नई दिल्ली को 1 लाख रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी स्कॉलरशिप

लाइब्रेरी अनुसंधान कार्य में प्रगति एवं प्रोत्साहन के लिए अनुंसधान शोधकर्ताओं को आर्थिक सहायता भी देती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुरुप स्कॉलरशिप दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य रज़ा लाइब्रेरी के संग्रह में इतिहास, कला, संस्कृति और साहित्य की महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियों का शोधकर्ताओं द्वारा पाठ संपादन कराना है। ऐसे शोधकर्ता जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आदि से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती है, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करते हैं। शैक्षिक क्षेत्रों के शोधकर्ताओं और विद्वानों को स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

इस वर्ष 2019–20 के लिए चार स्कॉलरशिप दी गयी हैं–

1.	डॉ० अतहर मसूद, रामपुर	उर्दू स्कॉलरशिप के लिए
2.	डॉ० शाईस्ता अख्तर, रामपुर	अरबी स्कॉलरशिप के लिए
3.	डॉ० फरहीना, रामपुर	फ़ारसी स्कॉलरशिप के लिए
4.	डॉ० अनीस अब्बास रिज़वी, अलीगढ़	संस्कृत स्कॉलरशिप के लिए

टैगोर राष्ट्रीय फेलोशिप/स्कॉलरशिप

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के लिए गर्व का विषय है कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रतिष्ठित टैगोर राष्ट्रीय फैलोशिप एवं टैगोर स्कॉलरशिप 2017–2018 के लिए लाइब्रेरी का चयन किया गया है। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय चयन समिति ने डॉ० प्रदीप जैन को टैगोर राष्ट्रीय फैलोशिप "भारतीय संस्कृति पर महात्मा गांधी का प्रभाव" विषय पर शोध हेतु तथा डॉ० सैयद नक़ी अब्बास को टैगोर स्कॉलरशिप "जहाँगीरनामा का अनुवाद : एनोनेशन एण्ड एडीशन" विषय पर शोध हेतु स्वीकृत की है। फैलोशिप एवं स्कॉलरशिप की शोधावधि 02 वर्ष है। दोनों शोधकर्ताओं द्वारा फरवरी 2019 में अपना शोधकार्य आरम्भ कर दिया गया। यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की इस योजना के अन्तर्गत 37 संस्थान नोडल इंस्टीट्यूट के रूप में मान्यता प्राप्त हैं और एक संस्थान को अधिकतम एक फैलोशिप और एक स्कॉलरशिप ही दी जा सकती है और इस योजना के अन्तर्गत रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का चयन होना लाइब्रेरी के शोध वातावरण में अवश्य ही गुणात्मक परिवर्तन उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

लाइब्रेरी में न्यू एडिशन

प्रो० वजीहुद्दीन संग्रह : वर्षावधि के दौरान प्रो० शेख वजीहुद्दीन, पूर्व विभागाध्यक्ष फारसी विभाग, बड़ोदरा विश्वविद्यालय, गुजरात ने विभिन्न भाषाओं की अपनी 446 निजी पुस्तकें जैसे– तुज़ूके बाबरी, फारसी अदब की मुख्तसर तारीख़, तूतीयाने हिन्द, अंग्रेज़ी में– ए हिस्ट्री ऑफ नवाब ऑफ बरोच, पर्शियन एण्ड अरेबिक एपिग्राफी ऑफ गुजरात, द बुस्तान सादी शिराज़ी (अंग्रेज़ी अनुवाद) भागवत गीता (फारसी अनुवाद), तालिब–ए–अमुली इत्यादि लाइब्रेरी को उपहार स्वरूप भेंट दीं। रज़ा लाइब्रेरी में इनके नाम से एक कलेक्शन स्थापित कर दिया है ताकि शोधार्थी इस संग्रह से लाभान्वित हो सकें।

प्रो० सैयद हसन अब्बास कलेक्शन : वर्षावधि के दौरान प्रो० सैयद हसन अब्बास, पूर्व निदेशक, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने विभिन्न भाषाओं की अपनी 1070 निजी पुस्तकें लाइब्रेरी को उपहार स्वरूप भेंट दीं। रज़ा लाइब्रेरी में इनके नाम से एक कलेक्शन स्थापित कर दिया है।

किशन सरोज संग्रह : वर्ष 2018–19 में लाइब्रेरी को देश के प्रसिद्ध लेखक श्री किशन सरोज की 512 पुस्तकें उपहारस्वरूप प्राप्त हुई थीं। लाइब्रेरी ने उनके नाम पर संग्रह का नाम किशन सरोज कलेक्शन रखा और इसमें महत्वपूर्ण जानकारी वाली 265 पुस्तकें और 247 पत्रिकाएँ तथा मैगज़ीन शामिल हैं। वर्ष 2019–20 में इस संग्रह की पुस्तकों से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्य किया गया–

- 265 पुस्तकों का सूची रजिस्टर तैयार किया गया।
- 90 पुस्तकों के 280 कैटलॉग कार्ड तैयार किया गये।

पत्रिका अनुभाग : लाइब्रेरी में हजारों पत्र–पत्रिकाएँ एक समय अवधि से संग्रहित हैं। पाठकों की आवश्यकता के अनुसार लाइब्रेरी प्रत्येक वर्ष बहुत सी पत्रिकाएँ खरीदती भी है और उपहारस्वरुप प्राप्त भी होती हैं। इन पत्रिकाओं को भूतल पर एक नये अनुभाग में

स्थानांतरित किया गया है जिसे पत्रिका अनुभाग का नाम दिया गया। संग्रह में 7560 अंग्रेज़ी, 6966 हिन्दी एवं 8000 उर्दू, अरबी, फारसी इत्यादि की पत्रिकाएं सम्मिलित हैं, जिनको वर्षवार क्रमबद्ध ढ़ग से बाइंड कराया गया। पत्रिका अनुभाग का उद्घाटन माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश के कर–कमलों द्वारा 17 फरवरी 2020 को किया गया।

वर्षावधि 2019–20 में पत्रिकाओं से सम्बन्धित किया गया कार्य निम्नलिखित है–

- पत्रिकाओं की 2875 जिल्द तैयार की गयीं।
- 2495 पत्रिकाओं (123 अरबी, 1970 उर्दू, 402 हिन्दी) की कैटलॉगिग की गई।
- 2495 पत्रिकाओं (123 अरबी, 1970 उर्दू, 402 हिन्दी) के कार्ड तैयार किये गये।
- 2637 पत्रिकाओं पर लेबल लगाये गये।
- 383 हिन्दी पत्रिकाओं की कोहा सॉफ्टवियर डेटाबेस में एण्ट्री की गयी।

तकनीकी सेवाएँ

लाइब्रेरी के संग्रह को क्रय (खरीद), विनिमय तथा उपहार के द्वारा समृद्ध किया गया है। इस अवधि के दौरान लाइब्रेरी ने 781 पुस्तकें, 784 पत्रिकायें और 8,105 समाचार पत्रों को अर्जित किया और उन्हें उचित रूप में परिग्रहित किया गया। शोधकर्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लाइब्रेरी पुस्तकों एवं पत्रिकाओं को अर्जित करती है। पुस्तकों पर लेबल लगाने तथा सफाई का काम निरन्तर चलता रहता है। 2,194 किताबों पर 2,495 लेबल लगाये गये। लाइब्रेरी में कार्ड कैटलॉग को अद्यतन (up to date) किया गया तथा कार्डों की जाँच की गयी। इस वर्षावधि के दौरान, लाइब्रेरी ने निम्न सामग्री अर्जित की :–

1.	थ्कताबें	उपहार द्वारा		क्रय द्वारा	
	हिन्दी अंग्रेजी उर्दू अरबी फारसी	103 18 322 03 16	462	43 15 259 01 01	319
2.	**भाषा**	**समाचार पत्र**		**पत्रिकाएँ**	
	हिन्दी अंग्रेजी उर्दू अरबी	3,780 1,914 2,411	8,105	143 114 493 34	784

लाइब्रेरी द्वारा विभिन्न प्रकार की संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, विशेष व्याख्यानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों, समारोहों का आयोजन किया जाता है। ऐसे सभी कार्य–कलापों के फोटो तथा डीवीडी तैयार किये जाते हैं ताकि उनका उपयोग बाद में विभिन्न सार्थक उद्देश्यों के लिये किया जाना सम्भव हो सके।

क्र०सं०	कार्यक्रम	तिथि	फोटो / डीवीडी
1.	"इक़बालियात और मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ" पर द्वितीय मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ मैमोरियल विस्तार व्याख्यान	28 अप्रैल 2019	94

2.	वर्गीकरण एवं सूचीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला	29 अप्रैल 2019	36
3.	योगदिवस	21 जून 2019	80
4.	प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेमचंद जयन्ती के अवसर पर "प्रेमचंद का साहित्य में योगदान" पर विस्तार व्याख्यान	31 जुलाई 2019	70
5.	अमीर मीनाई की साहित्यिक सेवायें पर विस्तार व्याख्यान	04 अगस्त 2019	70
6.	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त 2019	72
7.	महात्मा गांधी जयन्ती	02 अक्टूबर 2019	70
8.	एकता दिवस	31 अक्टूबर 2019	60
9.	संविधान दिवस एवं अग्निशमन उपकरणों पर कार्यशाला	26 नवम्बर 2019	150
10.	मूर्धन्य संगीतज्ञ और संस्कृतज्ञ आचार्य कैलाश चन्द्र बृहस्पति	20 जनवरी 2020	118
11.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी 2020	47
12.	इण्डो–उज़्बैक प्रदर्शनी	03 फरवरी से 10 फरवरी 2020	154
13.	अवार्ड समारोह कार्यक्रम	17 फरवरी, 2020	162
14.	ग़ालिब का अंदाज–ए–बयां पर विस्तार व्याख्यान	27 फरवरी, 2020	55
15.	विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, प्रदर्शनी का उद्घाटन, महिला सशक्तीकरण	08 मार्च 2020	72
	योग		1310

सूचीकरण

विद्वानों, शोधकर्ताओं और लाइब्रेरी के कर्मचारियों के लिए पाण्डुलिपियों के साथ–साथ मुद्रित पुस्तकों का विवरणात्मक सूचीकरण करना अनिवार्य है। लाइब्रेरी संग्रह का सूचीकरण तत्कालीन लाइब्रेरी प्रबंधक हकीम अजमल खाँ के द्वारा शुरू किया गया है। उनकी निगरानी में उर्दू भाषा में अरबी पाण्डुलिपियों के कैटलॉग का पहला खण्ड 'फहरिस्ते कुतुब–ए–अरबी' 1902 में प्रकाशित हुआ जिसमें 46 विषयों की पाण्डुलिपियाँ संकलित हैं। हाफ़िज़ अहमद अली शौक़, लाइब्रेरियन की निगरानी में मौलवी मौहम्मद नबी के द्वारा दूसरे खण्ड में 20 विषयों की पाण्डुलिपियों को उर्दू में सूचीकृत किया जो 1928 में हुआ। हकीम अजमल खाँ ने नौ विषयों की पाण्डुलिपियों का कैटलॉग का तीसरा खण्ड उर्दू में तैयार किया जो 1929 में प्रकाशित हुआ। तत्कालीन निदेशक मौलाना इम्तियाज़ अली अर्शी द्वारा अरबी पाण्डुलिपियों को छः खण्डों में सूचीकृत किया गया था।

उन्होंने उर्दू में सूचीकरण करने की बजाय अरबी पाण्डुलिपियों का कैटलॉग अंग्रेज़ी में बनाया जिससे अधिक संख्या में शोधार्थी लाभान्वित हो सकें। मौलाना अर्शी द्वारा तैयार कैटलॉग के प्रथम खण्ड में कुरानियात और वैज्ञानिक परम्पराएँ (1963), दूसरे खण्ड में प्रार्थनाएँ, धर्मशास्त्र एवं धार्मिक विषय (1966), तीसरे खण्ड में न्यायिक सिद्धांत, द्वंद्ववाद, वाद–विवाद, न्याय शास्त्र और उत्तराधिकार कानून (1968), चौथे खण्ड में सूफीवाद, पवित्र ग्रंथ, तर्क एवं दर्शन शास्त्र (1971), पांचवें खण्ड में गणित, चिकित्सा, प्राकृतिक विज्ञान, कृषि, मनोगत विज्ञान, नैतिक एवं राजनीति शास्त्र, शिक्षा और सैन्य विज्ञान (1975) एवं छठे खण्ड में इतिहास, जीवनवृतांत, यात्रा, भूगोल (1977) प्रकाशित हुऐ।

पाण्डुलिपियों की हस्तलिखित सूचियाँ अब तक बहुत उपयोगी रहीं। अब पाण्डुलिपियाँ विषय और भाषानुसार सूचीकृत हैं। लाइब्रेरी पाण्डुलिपियों का विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित कैटलॉग **परिशिष्ट–3 (पृष्ठ सं०–62)** में संलग्न है।

इस दौरान 622 पाण्डुलिपियों एवं 3,009 पुस्तकों का सूचीकरण किया गया, 826 मुद्रित पुस्तकों को वर्गीकृत और विभिन्न भाषाओं की पुस्तकों के 1,267 सूचीपत्रों को तैयार कर उनको कैटलॉग ट्रे में व्यवस्थित किया गया।

इस वर्ष के दौरान निम्न कार्य किये गये :–

1.	सूचीकरण	पाण्डुलिपियाँ		पुस्तकें	
	अरबी	227		481	
	फारसी	325		55	
	संस्कृत	–	622	–	3,009
	उर्दू	34		2229	
	हिन्दी	36		211	
	अंग्रेज़ी			33	
2.	**वर्गीकरण**			**पुस्तकें**	
	अरबी			21	
	फारसी			55	
	उर्दू			459	826
	हिन्दी			194	
	अंग्रेज़ी			97	
3.	**कार्ड कैटालॉग**			**कार्ड**	
	अरबी			21	
	फारसी			55	
	उर्दू			459	1,267
	हिन्दी			633	
	अंग्रेज़ी			99	

कंप्यूटरीकरण एवं डिजीटाइज़ेशन

इस अवधि के दौरान 622 पाण्डुलिपियों और 2,230 मुद्रित पुस्तकों की ग्रंथसूची सूचना के साथ तैयार डेटाबेस की कम्प्यूटर में एण्ट्री की गयी।

कंप्यूटरीकरण	पाण्डुलिपियाँ		मुद्रित पुस्तकें	
अरबी	227		460	
फारसी	325		–	
संस्कृत	–	622	–	2,230
उर्दू	34		1770	
हिन्दी	36		–	
अंग्रेज़ी	–		–	

- 1,269 हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, अरबी, फारसी मुद्रित पुस्तकों का मेटाडाटा कोहा सॉफ्टवियर डेटाबेस में फीड किया गया।

हिन्दी	अंग्रेजी	उर्दू	टरबी	फारसी
701	33	459	21	55

- लाइब्रेरी में पाण्डुलिपियों का डिजीटाइज़ेशन एक नियमित प्रक्रिया है। रेख्ता फाण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान से रज़ा लाइब्रेरी की मुद्रित पुस्तकों को डिजीटाइज़ किया जा रहा है। जो इस प्रकार है–

क्र.सं.	डिजीटाइज़ेशन एवं मेटाडाटा क्रियेशन	
1.	पाण्डुलिपियाँ	2522 पाण्डुलिपियों से 3,14,157 पृष्ठ
2.	मुद्रित पुस्तकें	6276 पुस्तकों से 5,62,224 पृष्ठ

विद्वानों को सुविधाएँ

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में लाइब्रेरी के दुर्लभ संग्रह से लाभान्वित होने, अध्ययन करने एवं उपयोजन के लिए बड़ी संख्या में शोधकर्ता देश–विदेश से भ्रमण करते हैं। रामपुर रज़ा लाइब्रेरी शोधकर्ताओं को सुविधा प्रदान करने में पूरी तरह सचेत है। लाइब्रेरी में शोध के लिए एक विशेष कक्ष की व्यवस्था है और विद्वानों के लिए उच्च श्रेणी के शोध कार्य हेतु हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने में लाइब्रेरी सक्षम है। इस अवधि के दौरान 64 अनुसंधानकर्ताओं ने 577 पाण्डुलिपियों का अवलोकन किया एवं 10 सी०डी० उपलब्ध करायी गयीं और 763 पाठकों को 8,290 छपी पुस्तकें जारी की गई। इनके अतिरिक्त बड़ी संख्या में लोगों ने दरबार हॉल में संग्रहालय का अवलोकन किया। भारत और विदेशों से आये शोधकर्ताओं की सूची **परिशिष्ट–4 (पृष्ठ सं०–63–64)** पर संलग्न है।

भारतीय संस्कृति से रूबरू होने एवं अपने इतिहास को समझने के लिए विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थी रज़ा लाइब्रेरी आते रहते हैं और यहाँ के संग्रह को देखकर अंचभित होते हैं। समय–समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों की सहभागिता होती है। इस वर्षावधि के दौरान विद्यालयों के भ्रमण की सूची **परिशिष्ट– 5 (पृष्ठ सं० 65–67)** में संलग्न है।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी भुगतान के आधार पर पाण्डुलिपियों के फोटोग्राफ़ और मुद्रित पुस्तकों की छाया प्रतियां विद्वानों को प्रदान करती है। इस अवधि के दौरान मुद्रित पुस्तकों के चयनित पृष्ठों की 3,125 छायाप्रतियाँ शोधकताओं को भुगतान के आधार पर प्रदान की गयीं। इसके अतिरिक्त लाइब्रेरी के 132 प्रकाशनों की बिक्री की गई अथवा 502 प्रकाशित पुस्तकों, जरनलों इत्यादि को विद्वानों को उपहार में दिया गया।

पाठकों को उपलब्ध सेवाएँ

अध्ययन हेतु सेवाओं को सुदृढ़ करने के विचार से लाइब्रेरी में एक वाचनालय कक्ष की व्यवस्था है, जहाँ पाठक अपनी पसन्द के समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं को पढ़ सकते हैं। वाचनालय कक्ष की मेज़ें सदा उन पाठकों से भरी रहती हैं जो दैनिक समाचारों तथा सामान्य ज्ञान से अपने को जागरूक रखना चाहते हैं।

वाचनालय कक्ष स्टील कार्ड केबिनेट से सुसज्जित है, जिसमें मुद्रित पुस्तकों के वर्गीकृत कार्ड पुस्तकालय विज्ञान के नियमानुसार रखे गये हैं। लकड़ी की अलमारियों में पत्रिकाएं उचित ढंग से रखी हुई हैं, समाचार पत्रों के लिए लकड़ी की मेज़े तथा पाठकों के बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियाँ हैं। वाचनालय कक्ष को और सुसज्जित तथा कम्प्यूटरीकृत किया जाये जिस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है।

अध्ययन कक्ष के दृश्य

समीक्षाधीन वर्ष के अन्तर्गत लाइब्रेरी को 8,105 समाचार पत्रों तथा 784 पत्रिकाओं के अंक प्राप्त हुए हैं। 80,806 सामान्य पाठकों ने अध्ययन कक्ष में समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का अवलोकन किया।

लाइब्रेरी की प्रस्तावित योजनाएँ

भारत सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाएँ चलायी जाती है जो कि सांस्कृतिक विरासत के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। ये परियोजनाएँ लोगों के बीच हमारी विरासत को संरक्षित करने में बढ़ावा देती हैं। रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में निम्न योजनाएँ हैं :

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की स्थापना संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा फरवरी 2003 में की गई। इसका शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। मिशन भारत की असंख्य पाण्डुलिपियों का पता लगाने और संरक्षित करने का प्रयास करता है।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, नई दिल्ली ने रामपुर रज़ा लाइब्रेरी को पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के लिए नामित किया है। वर्तमान में पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र रज़ा लाइब्रेरी में कार्य कर रहा है। पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र में किये गये कार्य की सूची **परिशिष्ट–7 (पृष्ठ सं० 72–73)** पर संलग्न है।

ऑल इण्डिया रेडिया, आकाशवाणी द्वारा प्रसारण

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी और उसके संग्रह के प्रचार–प्रसार के लिए उर्दू कार्यक्रमों को आकाशवाणी, रामपुर पर प्रयोजित किया जाता है। इस उर्दू कार्यक्रम का प्रत्येक शुक्रवार रात 08:30 बजे उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के ऑल इण्डिया रेडियो के सभी केन्द्रो द्वारा प्रसारण होता है। ऑल इण्डिया रेडियों पर प्रसारित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के स्टाफ और अन्य विद्वानों द्वारा दिये भाषणों, वचनों और वार्ताओं से लगभग 2 करोड़ श्रोतागण लाभान्वित होते हैं।

लाइब्रेरी के प्रकाशन

रज़ा लाइब्रेरी अब तक 230 प्रकाशनों का प्रकाशन कर चुकी है। इस वर्षावधि 2019–20 के दौरान 07 पुस्तकों एवं न्यूजलेटर के 05 अंकों को प्रकाशित किया गया–

- *खुतूत–ए–दाग़ (उर्दू)*
- *रूह की बेदारी (उर्दू)*
- *मोहावराते बेगमात (उर्दू)*
- *मजालिस–ए–रंगीन (उर्दू)*
- *रामपुर रज़ा लाइब्रेरी जरनल नम्बर–32 (उर्दू)*
- *राजभाषा पत्रिका (कबीर विशेषांक)*
- *राजभाषा पत्रिका (गांधी विशेषांक)*
- *रामपुर रज़ा लाइब्रेरी न्यूजलेटर (अंक 19–23)*

संरक्षण एवं उपचार

संरक्षण प्रयोगशाला में असंख्यक कलावस्तुओं, पाण्डुलिपियों, मुद्रित पुस्तकों, मुगल लघु चित्रों, फोटोग्राफों, लीथोग्राफी, खत्ताती (कैलीग्राफी) के नमूनों, नक्शों तथा ऐतिहासिक प्रलेखों आदि का सफलतापूर्वक वैज्ञानिक विधियों द्वारा संरक्षण किया जाता है। किसी भी वस्तु के संरक्षण–उपचार से पहले, प्राप्त कला वस्तुओं की स्थिति का प्रमाण रखने के लिए फोटोग्राफी प्रलेखन किया जाता है और यह संरक्षक को उपचार में और भविष्य में उपयोग के लिए भी मदद करता है। वस्तु की सावधानीपूर्वक जांच की जाती है और आवश्यकता के अनुसार दुर्लभ और मूल्यवान संग्रह के लिए वस्तुओं को जीवन प्रत्याशा को बढ़ाने के लिए उचित उपचार दिया जाता है।

संरक्षण प्रयोगशाला द्वारा वैज्ञानिक विधियों से बहुमूल्य पाण्डुलिपियों के क्षतिग्रस्त 1,720 फोलियो एवं दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों के क्षतिग्रस्त 1,796 फोलियो का सफलतापूर्वक संरक्षण किया गया। संरक्षण कार्य का विवरण **परिशिष्ट–6 (पृष्ठ सं० 68–71)** में संलग्न है।

जिल्दसाज़ी

लाइब्रेरी में एक जिल्दसाज़ी अनुभाग भी है जहाँ दुर्लभ पाण्डुलिपियों, पुरानी पुस्तकों और टूटी हुई जिल्दों की मरम्मत की जाती है अथवा उनके स्थान पर नई लैदर जिल्द लगा दी जाती है। यहाँ नई पुस्तकों और पत्रिकाओं पर भी जिल्द चढ़ाई जाती है। इस अवधि के दौरान 29 पाण्डुलिपियों, 295 पुस्तकों एवं 2,875 पत्रिकाओं की नई जिल्दसाज़ी और मरम्मत का काम किया गया, इनके अलावा रजिस्टरों, नोट–बुकों और एलबमों पर भी जिल्दें चढ़ाई गईं। जिल्दसाज़ी अनुभाग बहुमूल्य पाण्डुलिपियों और पुरानी मुद्रित पुस्तकों की जिल्दसाजी में अमलता रहित माउन्ट बोर्ड और हस्त निर्मित कागज़ का प्रयोग करता है। जिल्दसाज़ी अनुभाग संरक्षण प्रयोगशाला की देखरेख में कार्य करता है।

प्रशिक्षण/सम्मेलन

- समय–समय पर संरक्षण प्रयोगशाला द्वारा लाइब्रेरी के डस्टर स्टाफ को पाण्डुलिपियों एवं पुस्तकों की साफ–सफाई, रख–रखाव का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान पुस्तकों एवं विभिन्न कला–कृतियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित रुप से ले जाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। लाइब्रेरी के विभिन्न अनुभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पाण्डुलिपियों और मुद्रित पुस्तकों की सफाई, पकड़ने की विधियाँ एवं लाने–जाने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

- संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और एन्ड्रो डब्लू मेलन फाउण्डेशन द्वारा भारतीय संरक्षण फैलाशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की संरक्षण प्रयोगशाला से श्री सैयद तारिक़ अज़हर, वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर को 4 माह की फैलोशिप दी गयी एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर The freer Gallery of art and Arthur M. Sackler Gallery (FG) The Smithsonian Museums of Asian Art, वाशिंगटन डी०सी०, यूएसए डेप्यूटेशन पर भेजा गया। जहाँ इन्होंने 11 मार्च 2019 से 28 जून 2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और एन्ड्रो डब्लू मेलन फाउण्डेशन द्वारा 5–6 नवम्बर 2019 तक नेशनल म्यूजियम इन्स्टीट्यूट नई दिल्ली में इण्डियन कंजर्वेशन फैलोशिप पर वार्षिक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें लाइब्रेरी की ओर से श्री सैयद तारिक़ अज़हर, वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोर ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर उन्हें प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।
- 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2019 तक मिस तैय्यबा खान, रामपुर को संरक्षण में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

संग्रहालय के कार्य

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के दरबार हॉल में संग्रहालय है। इस सग्रंहालय में पाण्डुलिपियाँ, लघु–चित्रों, कैलीग्राफ़ी के नमूने तथा विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इसमें विभिन्न अवसरों पर प्रदर्शनियाँ लगायी जाती हैं जो कि दर्शकों के लिए मनमोहक होती हैं। सोने से सुसज्जित छत, आदम कद संगमरमर की मूर्तियाँ, पुराने झाड़ फ़ानूस आदि दर्शकों को आकर्षित करते हैं जो उन्हें सपनों के संसार का अनुभव कराते हैं।

इस अवधि के दौरान रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के संग्रहालय में दस्तावेज़ों और कला–कृतियों को संरक्षित करने का कार्य किया गया। जो इस प्रकार हैं :–

- 25 कलाकृतियों एवं 61 दुर्लभ सिक्कों का प्रलेखन किया गया।
- 150 कलाकृतियों का प्राथमिक संरक्षण किया गया।
- 07 संग्रहालय वस्तुओं का उपचारात्मक संरक्षण किया गया।
- 83 संग्रहालय वस्तुओं को प्रदर्शित एवं अनुशीर्षकों को तैयार किया गया।
- संग्रहालय वस्तुओं का आन्तरिक सत्यापन किया गया और विभिन्न अलमारियों में रखी वस्तुओं की सूची तैयार की गयी।

नई नियुक्ति

मिस निदा फरहीन को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में तकनीकी रेस्टोरर के पद पर 18 फरवरी 2020 को स्थाई नियुक्ति प्रदान की गई।

लाइब्रेरी सोशल मीडिया पर

आज पूरे विश्व में तकनीकी माध्यम से विचारों का आदान प्रदान हो रहा है। इस कार्य में फेसबुक, ट्वीटर एवं यू ट्यूब पूरे विश्व में विचारों के आदान प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। इस माध्यम द्वारा विश्व के सरकारी और गैर सरकारी संस्थान अपने–अपने संस्थानों का प्रचार एवं प्रसार कर रहे हैं।

भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार रज़ा लाइब्रेरी द्वारा फेसबुक एवं ट्वीटर पर पेज का निर्माण कर लिया गया है। बहुत कम समय में ही इस तकनीकी माध्यम से बहुत से विद्वान,

विद्यार्थी एवं दर्शकों द्वारा रज़ा लाइब्रेरी के फेसबुक और ट्वीटर पेज का विजिट किया जा रहा है एवं लाईक किया जा रहा है।

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के फेसबुक पेज का लिंक है–
https://www.facebook.com/Rampur-Raza-Library-796721687061917/

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के ट्वीटर पेज का लिंक है–
https://twitter.com/raza_library

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने यू–ट्यूब पर अपना एक चैनल बनाया है उसका नाम रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार है। इस पर विभिन्न कार्यक्रमों की वीडियो अपलोड की जा रही है।

फेसबुक पेज

ट्वीटर पेज

विशिष्ठ आगंतुक

विश्व से असंख्य दर्शकों के भ्रमण पर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी गौरवान्वित होती है। रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के विषय में विशिष्ठ आगंतुकों और भ्रमणकर्ताओं के महत्वपूर्ण विचार इस प्रकार हैं :–

- श्री बी० ईलन गोवन, व्यय प्रेक्षक ने 16 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "पुस्तकों और चित्रों का आश्चर्यजनक संग्रह देखकर बहुत अचम्भित हूँ। यह भावी पीढ़ी के लिए प्राचीन विरासत है। जिसको सही तरीके से समझना जरूरी है।"

- मार्क टोटेंट, पैरिस, सीएनआरएस ने 25 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "इस तरह की लाइब्रेरी में पाण्डुलिपियों को देखना मेरे लिए हर्ष का विषय है। यह सुन्दर लाइब्रेरी विभिन्न प्रकार से अद्भुत है। इसमें तुर्की और अरबी पाण्डुलिपियों का जबरदस्त संग्रह अच्छी प्रकार रखा हुआ है। इसके निदेशक बड़े स्कॉलर और नरम दिल इंसान हैं। लाइब्रेरी स्टाफ बहुत सहायक और मददगार है। मैं इन सबका बहुत ही आभारी हूँ। मुझे बैचेनी से अगले भ्रमण का इन्तेज़ार रहेगा।

- श्री कृष्ण कुमार, निदेशक डाक सेवाएँ, लखनऊ मुख्यालय ने 14 मई 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "रामपुर रज़ा लाइब्रेरी को देखना अपने आप में एक सुन्दर अनुभूति से भर देना है। यहाँ पर संग्रहित वस्तुएँ, पुस्तकें व कलाकृतियाँ हमें न सिर्फ अपने स्वर्णिम अतीत से जोड़ती हैं बल्कि उस भाव–भूमि का भी दर्शन कराती हैं कि भारत वर्ष को क्यों सिरमौर कहा गया है। यहाँ के समस्त स्टाफ का व्यवहार काफी सौहार्दपूर्ण है। रमजान के पवित्र माह में पवित्र कुरआन शरीफ का अवलोकन निःसन्देह अद्भुत व अपूर्व रहा।

- मिस मैत्रयी हलदर, महाराजा सियाजीराव विश्वविद्यालय, फाइन आर्ट संकाय, कला एवं इतिहास विभाग एम०वी०ए० बड़ौदा ने 8 जुलाई 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "एक विद्यार्थी की हैसियत से मुझे लाइब्रेरी की इस्लामिक पाण्डुलिपियों में रूचि है और इस लाइब्रेरी का संग्रह प्रशंसनीय है। यहाँ भ्रमण करना और अवलोकन करना जरूरी है। भविष्य में आने वाले शोधकर्ताओं के लिए इसका शोध और अवलोकन आवश्यक है। शोध कार्य के लिए इस लाइब्रेरी को डिजिटल होना बहुत आवश्यक है ताकि शोधकर्ता इसकी बुनियादी जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकें। लाइब्रेरी ने बहुत सी पाण्डुलिपियों को प्रकाशित किया है जिनको उत्तम प्रिंटिंग की आवश्यकता है जिससे पूरे देश के समस्त प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और उनके विभागों में इन पाण्डुलिपियों को पढ़ा जा सके।"

- डॉ० दिलोराम करोमात, उज़्बेकिस्तान (ताशकंद) ने 11 अगस्त 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

विचार : "मुझे 18 वर्ष बाद इस लाइब्रेरी में आकर बड़ी प्रसन्नता हुई। यहाँ पर हर क्षेत्र में सक्रात्मक बदलाव देखकर मुझे इस बात पर भी बहुत खुशी हुई कि विश्व संग्रह में उज़्बेकिस्तानी संस्कृति पर लाइब्रेरी काम कर रही है। हमें रज़ा लाइब्रेरी की इस परियोजना के पूरा होने का बैचनी से इंतेजार रहेगा। कुषाण काल की कला–वस्तुऐं भी इस एलबम में शामिल होंगी। मैं निदेशक का धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने हमारी उज़्बेकिस्तान के प्रतिनिधिमण्डल को लाइब्रेरी घूमने और एशियन संस्कृति से सम्बन्धित पाण्डुलिपियों और दुर्लभ वस्तुओं को फिल्मिंग करने का मौका दिया। मैं उनके स्वागत सत्कार एवं देख–रेख की भी आभारी हूँ। अपनी उज़्बेकिस्तान के पूरे प्रतिनिधिमण्डल की तरफ से लाइब्रेरी के समस्त स्टाफ को बधाई देती हूँ।

- डॉ० मौरा मिशेल, इतिहास के प्रोफेसर और श्री अरूण अहूजा, मेहराब डिजाइन, नई दिल्ली ने 09 सितम्बर 2019 को श्री नवाब काज़िम अली खाँ के साथ लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

  विचार : "यहाँ इतिहास को संजोया जा रहा है। प्राचीन लेखों में बहुत महत्वपूर्ण तथ्य होते हैं जो हमारे वर्तमान जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इतिहास को समझने के लिए उसे पढ़ना जरूरी है और यह लोग उस कीमती इतिहास को बचा रहे हैं। मैं आप सभी संरक्षणकर्ताओं की आभारी हूँ। मेरे जीवन का यह अद्भुत अनुभव है।

- मिस अयेलेट कोटलर, पी०एचडी विद्यार्थी, शिकागो विश्वविद्यालय ने सितम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

  विचार : "लाइब्रेरी स्टाफ अत्यन्त सहायक है जिन्होंने मुझे वह समस्त पाण्डुलिपियाँ अवलोकित करवायी जिनको मैं देखना चाहता था। यहाँ का संग्रह निःसंदेह आश्चर्यजनक है और वातावरण भी कार्य के लिए अनुकूल है। यहाँ के कैटालॉग का उपयोग करना बहुत आसान है और हर चीज अच्छी तरह से व्यवस्थित है। मैं भविष्य में अभिलेखीय कार्य के लिए दोबारा आना चाहूँगा"

- डॉ० संजय सिन्हा, आईएएस, निदेशक, कला,संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार ने 10 अक्तूबर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

  विचार : "अद्भुत अनुभव। रामपुर की रज़ा लाइब्रेरी में आना एवं इसके विभिन्न खण्डों को देखना मेरे जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है। इस लाइब्रेरी में कार्यरत पदाधिकारियों का व्यवहार एवं सहयोग आजीवन याद रखूँगा। पवित्र ग्रंथ कुरान एवं रामायण का संकलन एवं सैकड़ों वर्ष के बाद भी उसके संरक्षण के लिए किए प्रयास की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। यह लाइब्रेरी राष्ट्र की ऐसी धरोहर है जिसका जितना भी विकास किया जाए वह कम ही होगा। मैं यहाँ के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की अथक मेहनत एवं प्रयास की प्रशंसा करता हूँ और भविष्य में इस संस्था का उत्तरोत्तर विकास हो इसकी शुभकामना देता हूँ।"

- श्री प्रभाकर कुमार, आईआरएस, संयुक्त आयुक्त, जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद, सीमा शुल्क मुम्बई ने 19 अक्टूबर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

विचार : "मैंने आज लाइब्रेरी का भ्रमण किया। यह लाइब्रेरी भारत की संस्कृति और इतिहास की महान धरोहर है। जहाँ पर भारतीय संस्कृति और परम्परा एवं साहित्य को आने वाली पीढ़ी के लिए संजोकर रखा गया है। कुछ कैलीग्राफी और चित्र तो वास्तव में आश्चर्यजनक एवं महत्वपूर्ण हैं जैसे अरबी में हस्तलिखित कुरान, फारसी में रामायण इस बात को दर्शाता है कि हमारी संस्कृति किस प्रकार दूसरी संस्कृतियों को किस तरह समाये हुए है जो आपसी सोहार्द का अच्छा उदाहरण है।

- मिस समीना नक़वी, संचारी संस्थापक ने अक्टूबर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "मुझे लाइब्रेरी में आने की इतनी खुशी है कि जिसको शब्दों में बयान करना कठिन है। यहाँ कैलीग्राफी, लघुचित्र साथ मार्बल की मूर्तियों को अच्छी तरह से संरक्षित करके रखा गया है जो कि वास्तव में एक बड़ा खजाना है। मैं यहाँ के समस्त स्टाफ को शुभकामनाएँ देती हूँ। जो लगन, रूचि के साथ मेहनत कर रहे हैं।

- श्री ए० पीटर बरलीघ, यूएस एम्बेसडर (सेवानिवृत्त) ने 23 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "बहुत बहुत आभारी हूँ इस केन्द्र का, जहाँ पर आश्चर्यजनक विश्व प्रसिद्ध पाण्डुलिपियाँ, लघुचित्र और दूसरा बहुमूल्य ख़जाने का अच्छा संग्रह है। मेरी इच्छा है कि दोबारा शीघ्र यहाँ आऊँ।"

- डा० रज़ा असद, ईरान ने 25 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "मैंने आज रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का भ्रमण किया और ईरान से फारसी साहित्य की डिग्री प्राप्त महोदय निदेशक के मार्गदर्शन में अत्यन्त दुर्लभ पाण्डुलिपियों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें विशेष रूप से कुरान मजीद को देखा। शिक्षा और शोधकार्य के लिए लाइब्रेरी का माहौल शान्तिपूर्ण और सहायक है। खासतौर से फारसी पाण्डुलिपियों और फारसी साहित्य का जो दुर्लभ संग्रह है देखकर बहुत गर्व हुआ। आशा है कि इस अनमोल संग्रह को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दिया जाये।

- अर्चना सिंह ने 28 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "मैं रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के विशाल संग्रह को देखकर हथप्रथ हो गयी हूँ। मैं यहाँ अपने विषय पर बिना तैयारी आयी थी परन्तु आश्चर्यजनक संग्रह को देखकर रूक गयी। पुस्तकों का संरक्षरण और प्राचीन काल की पेंटिग्स। वास्तव में आश्चर्यजनक है। मैं यहाँ पवित्र पुस्तकें देखकर आत्मा को छूने वाले ख्यालात में खो गयी। मैं इतनी अचम्भित हो गयी हूँ। मैं बहुत प्रभावित हूँ।"

- श्री प्रतापानन्द झा, निदेशक राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन ने 07 दिसम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "पाण्डुलिपियों का उत्कृष्ट संग्रह। संरक्षण तथा प्रकाशन कार्यों के साथ–साथ लाइब्रेरी को इस ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए कि यह दुर्लभ संग्रह तथा प्रकाशन भारत के प्रशिक्षण संस्थानों को सुलभता से उपलब्ध हो सके। यह

लाइब्रेरी भारत की पाठ्य परम्पराओं की सोने की खान है। मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।

- श्री मोहम्मद नसीम खान, एलआईसी, रामपुर ने 29 दिसम्बर 2019 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "रज़ा लाइब्रेरी केवल रामपुर की ही नहीं बल्कि समस्त भारत की शान है। हिन्दुस्तान की संस्कृति व प्राचीन सभ्यता को समझने के लिए इस लाइब्रेरी में आना व समझना बहुत आवश्यक है। यहाँ उपस्थित स्टाफ व उनके द्वारा बताया गया सम्पूर्ण वर्णन ज्ञान को बढ़ाने वाला है।"

- डीआईजी, सीआरपीएफ रामपुर ने 01 जनवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "आज मैंने रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का भ्रमण किया। ये मेरे जीवन का आश्चर्यचकित अनुभव है कि यहाँ प्राचीन पुस्तकों का एक विशाल संग्रह उपलब्ध है जो संस्कृति और इतिहास से सम्बन्धित है। जिसको बहुत अच्छे तरीके से संरक्षित करके रखा गया है। मैं लाइब्रेरी सम्बन्धित सभी स्टाफ को उनकी इस महान सेवा के लिए बधाई देता हूँ।"

- मिस सलोनी नारायण, सीजीएम, भारतीय स्टेट बैंक, लोकल हेड ऑफिस लखनऊ ने 11 जनवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : " एक लम्बे समय से लाइब्रेरी देखने की इच्छा थी जो आज पूरी हुई। यहाँ पर अत्यन्त दुर्लभ संग्रह उपलब्ध है, जिसको सुन्दर ढ़ंग से संरक्षित किया गया है। ये मेरे लिए गर्व की बात है। यहाँ की पुस्तकें, भवन, पेंटिंग्स को इतने अच्छे तरीके से संरक्षित किया गया है।"

- डॉ० अली रज़ा ग़जवेह, एम्बेसडर ऑफ इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ने 12 जनवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "आज मुझे एहसान इलाही शुक्रुल्लाह और डॉ० बलराम शुक्ला के साथ निदेशक महोदय के आमंत्रण पर लाइब्रेरी देखने का अवसर मिला और उनके नवीन दो शेरी संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने का भी अवसर मिला। निदेशक महोदय, ईरान कल्चरलर हाउस के साथ मिलकर इल्मी ख़जाने के प्रकाशन में आने वाली पीढ़ी के लिए जबरदस्त योगदान दे रहे हैं।

- डा० एहसान उल्ला शुक्रल्लाही, एम्बेसडर ऑफ इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ने 12 जनवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।
  विचार : "मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि दूसरी बार रामपुर की प्रसिद्ध रज़ा लाइब्रेरी को प्रो० हसन अब्बास और उनके पुत्र के साथ देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरी खुशी यह देखकर और दुगनी हो गयी कि रज़ा लाइब्रेरी को एनवीएलआई के सहयोग से दुर्लभ पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपियाँ शोधकर्ताओं के हाथों में पहुँचेंगी। मुझे आशा है कि संसार की और लाइब्रेरियाँ भी इसका अनुसरण करेंगी, ताकि फारसी साहित्य की पाण्डुलिपियों के ख़जाने से विश्व भर के लोग लाभान्वित हो सकें।"

- श्री फरहोद अरज़िव, एम्बेसडर ऑफ उज़्बेगिस्तान–भारत ने 03 फरवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

विचार : "मैं रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के बहुमूल्य ख़जाने की संरक्षण सेवा को देखकर बहुत प्रभावित हुआ। इस संग्रह में संस्कृति तथा इतिहास से सम्बन्धित पुस्तकें और पाण्डुलिपियाँ सम्मिलित हैं। मुझे यह देखकर और भी रुचि हुई कि यहाँ ज़हीरउद्दीन बाबर के दीवान की पाण्डुलिपियों को संभालकर रखा गया है। मैं लाइब्रेरी के स्टाफ और प्रबंन्धन के अच्छे आतिथ्य सत्कार एवं सहयोग का आभारी हूँ।"

➢ महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश/ अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी ने 17 फरवरी 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।



36

SMT ANANDIBEN PATEL
HON'BLE GOVERNOR OF UTTAR PRADESH

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी मे ऐतिहासिक दस्तावेजो,
पांडुलिपियो, लघु चित्रो, इस्लामी सुलेख के नमूनो को
देखकर मैं अत्यंयत उत्साहित हूँ। प्राचीन काल से
ही भारत अपनी शैक्षिक एंव सांस्कृतिक धरोहर
के कारण विश्व में विशिष्ट पहचान रखता है।
मुझे अत्यन्यत प्रसन्नता है कि रामपुर रजा लाइब्रेरी
ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।
लाइब्रेरी मे कई दुर्लभ अरबी, फारसी, संस्कृत, हिन्दी,
उर्दू, तुर्की और पश्तो भाषा की अनमोल पाण्डुलिपिया
संग्रहित है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि
रामपुर रज़ा लाइब्रेरी एशिया की सबसे बडी
लाइब्रेरी है। मैं इससे जुडे सभी अधिकारियो
और कर्मीयो को शुभकामनाए देती हूँ और उन्हे
प्रेरित करती हूँ कि वह इस संस्था के ज्ञानकोष
को जनमानस तक पहुँचाए।

Anandi Patel

Dt: 17/02/2020

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी 7वीं सदी का हज़रत अली द्वारा लिखित पवित्र कुरान का अवलोकन करते हुए

- श्री लक्ष्मीकांत, सीनियर ट्रेजरी ऑफिसर रामपुर ने 05 मार्च 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

  विचार : "रामपुर रज़ा लाइब्रेरी को परिवार के साथ देखकर आंतरिक उत्साह महसूस कर रहा हूँ। अनेक भाषाओं की पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों का संरक्षण यहाँ की विशिष्टता है। आधुनिक तकनीकी द्वारा पुस्तकों का संरक्षण कार्य अत्यन्त प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। आशा करता हूँ कि लाइब्रेरी का भवन व पुस्तकें इसी प्रकार भविष्य की पीढ़ियों को ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित करती रहेगी। समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों को मेरी शुभकामनाएँ।"

- श्री श्याम लाल राही, पूर्व उप शिक्षा निदेशक (अर्थ) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ने 05 मार्च 2020 को लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

  विचार : "आज रामपुर रज़ा लाइब्रेरी को देखा। यह पुस्तकालय रामपुर नवाब के दरबार के भवन में स्थापित किया गया। यह भारत सरकार के अधीन संचालित है। पुस्तकालय का भवन जितना सुन्दर है पुस्तकालय की पुस्तकें, सामग्री उससे कहीं अधिक सुन्दर है यहाँ ज्ञान का अथाह है। ऐसी–ऐसी पुस्तकें हैं जिनके दर्शन मेरे लिए अत्यन्त दुर्लभ थे। पुस्तकालय की प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। पुस्तकालय के स्टाफ व अधिकारियों ने जिस सहृदयता से पुस्तकालय के बारे में जानकारी दी मैं उसके लिए उनका आभारी हूँ। मैं आज पुस्तकालय को देखकर अभिभूत हूँ।

शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

पुस्तक प्रदर्शनी

01 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी के दरबार हॉल में प्रसिद्ध शोधकर्ता एवं विद्वान "मौलाना इम्तियाज अली खाँ अरशी की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर" उनसे सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ० मुमताज अरशी, रामपुर एवं निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने किया।

प्रदर्शनी में फ़रहंग़–ए–ग़ालिब, नज़्र–ए–अरशी, मकातीब–ए–ग़ालिब, मिरकातुल अदब, नादिरात–ए–शाही, तारीख़–ए–मोहम्मदी, फेहरिस्त मख्तूतात–ए–उर्दू, फेहरिस्त मखतूतात–ए–अरबी, इन्तेखाब–ए–ग़ालिब, मकालात–ए–अरशी, दीवान–ए–ग़ालिब उर्दू, मकातीब–ए–ग़ालिब उर्दू इत्यादि पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी 01 से 10 अप्रैल 2019 तक प्रदर्शित की गई।

स्वच्छता पखवाड़ा (16–30 अप्रैल 2019)

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में 16–30 अप्रैल 2019 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा बैनर, नारों और पोस्टरों की प्रदर्शनी के साथ आरम्भ हुआ। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गयी। लाइब्रेरी में 16 अप्रैल को शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्री हिमांशु सिंह, तकनीकी रेस्टोरर ने सभी कर्मचारियों और सीआईएसएफ के जवानों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण करवायी। स्टाफ के सभी सदस्यों ने अपने आस–पास, घर, कार्यस्थल, सार्वजनिक स्थानों आदि में स्वच्छता रखने की शपथ ली और स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान देने का प्रण लिया।

इस स्वच्छता पखवाड़े के दौरान लाइब्रेरी के कर्मचारियों द्वारा रीडिंग रूम, दरबार हॉल, मुद्रित पुस्तक अनुभागों, गैलरियों, अन्य कक्षों, दोनों इमारतों की छतों एवं लान में सफाई अभियान चलाया गया। इसी के साथ लाइब्रेरी के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं सीआईएसफ के जवानों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा जगह–जगह उगे अवांछित पौधों को हटाया गया।

विस्तार व्याख्यान

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा 28 अप्रैल 2019 को "इक़बालियात और मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ" पर द्वितीय मौलाना अब्दुस्सलाम खाँ मैमोरियल विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो० अबुसूफियान इस्लाही, अरबी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० हकीम जिल्लुर्रहमान, संस्थापक, इब्ने सीना एकेडमी, अलीगढ़ ने की।

एक दिवसीय कार्यशाला : सूचीकरण एवं वर्गीकरण

29 अप्रैल 2019 को लाइब्रेरी के सभागार में "सूचीकरण एवं वर्गीकरण" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ० ख़्वाजा गुलामुस्सय्यदैन, पूर्व निदेशक, पुरालेख (अरबी–फारसी शिलालेख), नागपुर ने पाण्डुलिपियों के सूचीकरण एवं वर्गीकरण के अतिरिक्त पाण्डुलिपियों, कैलीग्राफी, लिपियों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की एवं डॉ० अबुसाद इस्लाही, लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में लाइब्रेरी स्टाफ ने सहभागिता की और पाण्डुलिपियों के सूचीकरण एवं वर्गीकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

पवित्र कुरान एवं इस्लामिक कैलीग्राफी की प्रदर्शनी

पवित्र माह रमज़ान के मुबारक अवसर पर लाइब्रेरी के दरबार हॉल में 28 मई 2019 को "पवित्र कुरान तथा खत्ताती के नमूनों" की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मदरसा फुर्कानिया रामपुर के प्रबन्धक डॉ० शआइरूल्लाह खाँ एवं मौलाना मोहम्मद ज़माँ बाक़री, पेश इमाम, मस्जिद इमामबाड़ा क़िला रामपुर द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी 28 मई से 10 जून 2019 तक प्रदर्शित की गई।

प्रदर्शनी में कूफ़ी लिपि में 7वीं सदी ई० की हज़रत अली द्वारा लिखा हुआ दुलर्भ कुरआन मजीद, कूफी लिपि में 8वीं सदी ई० का इमाम अबू अब्दुल्ला जाफ़र बिन मुहम्मद बिन अली द्वारा लिखित दुलर्भ कुरआन मजीद, अरबी नस्ख़ बहार लिपि का 1379 ई० का कुरान

मजीद जिसमें आलमगीर बादशाह के मंसबदार गज़नफ़र की एक मुहर है, अरबी नस्ख़ लिपि का 1315 ई० का लिखा हुआ बहुत ही सुन्दर कुरआन मजीद, सुलुस लिपि का 1669 ई० का कुरान मजीद जिसमें हर पृष्ठ पर बहुत ही सुन्दर 3 लाइन सुलुस लिपि में सोने से लिखी हुई हैं और 12 लाइन में नस्ख़ में काली स्याही से कागज पर लिखा हुआ है, नस्ख़ लिपि का 1103 ई० का कुरआन मजीद, अरबी नस्ख़ लिपि का 1743 ई० का कुरआन मजीद जिसको मुहम्मद रज़ा कश्मीरी द्वारा बहुत ही खूबसूरत काग़ज पर किताबत किया हुआ है जिसकी लाइन के बीच की जगह को सोने के पानी से सजाया है, अरबी नस्ख़ लिपि का 1152 ई० का कुरआन मज़ीद जिसके कातिब कमालुद्दीन हसन बिन मु० मीरक़ अलहुसैनी अल नजफ़ी हैं इसके साथ ही ख़ते–कूफ़ी, ख़ते–नस्ख़, ख़ते–नस्तालीक़, ख़ते–रेहान इत्यादि ख़तों में कैलीग्राफियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का कार्य होता है। योग सही तरीके से जीने का ज्ञान है और इसलिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को "विश्व योग दिवस" के रूप में मान्यता दी और 21 जून 2015 को प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

लाइब्रेरी में पांचवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2019 के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी इकाई ने लाइब्रेरी स्टाफ के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम सुबह 07:00 बजे शुरू हुआ। सीआईएसएफ इकाई तथा लाइब्रेरी स्टाफ ने श्री मनोज कुमार एवं श्री रूपक राय का अनुसरण करते हुए योगाभ्यास किया।

पवित्र कुरान की प्रदर्शनी (हैदराबाद)

22 जून 2019 को सालारजंग म्यूज़ियम हैदराबाद में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार और पवित्र कुरान की प्रदर्शनी का आयोजन ईरान वाणिज्य दूतावास द्वारा किया गया। जिसका उद्घाटन माननीय राज्य गृहमंत्री श्री मोहम्मद महमूद अली ने किया। इस तीन दिवसीय सेमिनार और प्रदर्शनी में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने कुरान की दुर्लभ और चित्रित पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपियाँ प्रदर्शित की। इस प्रदर्शनी में 7वीं सदी का हज़रत अली (रजि०) द्वारा पार्चमेंट पर कूफी लिपि में हस्तलिखित कुरान शरीफ की प्रतिलिपि को भी प्रदर्शित किया गया।

वृक्षारोपण

24 जुलाई 2019 लाइब्रेरी के परिसर में डॉ० ख्वाज़ा गुलामुस्सयदैन, पूर्व निदेशक (पुरालेख), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नागपुर, प्रो० सैयद हसन अब्बास, तत्कालीन निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी, डॉ० अबुसाद इस्लाही, लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी, श्री तारिक़ अज़हर, वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर एवं श्री विशाल कुमार, तत्कालीन इंचार्ज सीआईएसएफ यूनिट रज़ा

लाइब्रेरी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर लाइब्रेरी के अन्य अधिकारी/कर्मचारी और सीआईएसएफ के जवान भी उपस्थित रहे।

प्रेमचंद पर विस्तार व्याख्यान एवं प्रदर्शनी

31 जुलाई 2019 को प्रसिद्ध उपन्यासकार, साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी मुंशी प्रेमचंद की 139वीं जन्मजयंती के अवसर पर लाइब्रेरी के सभागार में "प्रेमचंद का साहित्य में योगदान" विषय प्रो० सैयद हसन अब्बास, तत्कालीन निदेशक, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी ने विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शायर श्री अज़हर इनायती, रामपुर ने की।

इसके साथ दरबार हॉल में मुंशी प्रेमचंद से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री अज़हर इनायती एवं तत्कालीन निदेशक रामपुर रज़ा लाइब्रेरी प्रो० सैयद हसन अब्बास ने किया।

विस्तार व्याख्यान

04 अगस्त 2019 को "अमीर मीनाई की साहित्यिक सेवायें" विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद के भूतपूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग के प्रोफेसर एस. फ़ज़ले इमाम ने विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० हसन अहमद निज़ामी, भूतपूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर द्वारा की गई। इस अवसर पर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका (कबीर विशेषांक) का विमोचन भी किया गया।

वर्षा जल संचयन पर जागरूकता कार्यक्रम

5 अगस्त 2019 को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, इकाई रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा वर्षा जल संचयन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर तत्कालीन सीआईएसएफ प्रभारी श्री विशाल कुमार ने प्रस्तुति दी। उन्होंने वर्षा जल को भूमिगत भेजने के लिए कुछ सरल तकनीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम में लाइब्रेरी के समस्त अधिकारी/कर्मचारी और सीआईएसएफ जवान उपस्थित रहे।

इण्डो-उज़्बेक प्रदर्शनी

10 से 14 अगस्त 2019 तक लाइब्रेरी के दरबार हॉल में भारत–उज़्बेक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दिलारोम करामोत ने किया। उन्होंने ताशकंद से उज्बेक विद्वानों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ लाइब्रेरी का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल

लाइब्रेरी के बहुमूल्य संग्रह के विषय में अध्ययन करने आए थे। प्रदर्शनी में लाइब्रेरी में संरक्षित कई पाण्डुलिपियों के लघुचित्र जैसे दीवान–ए–हाफिज़, फिरदौसी का शाहनामा, जामिउत तवारीख़, दीवान–ए–उर्फी शिराज़ी, खमसा–ए–जामी, मजालिस उल उश्हाक़ तथा विभिन्न शासकों के चित्र सम्मिलित किए गए।

पुस्तक प्रदर्शनी

लाइब्रेरी में 14 से 24 अगस्त 2019 तक स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 अगस्त 2019 को श्री नासिर उद्दीन खाँ एडवोकेट रामपुर एवं तत्कालीन निदेशक रज़ा लाइब्रेरी प्रो० सैयद हसन अब्बास ने किया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को पुस्तकों के माध्यम से उन महान पुरुषों के जीवन और उनके कार्यों से प्ररेणा लेकर आज की पीढ़ी को संदेश देना था कि उन महान नेताओं ने कैसे कड़ी मेहनत और अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को आज़ादी दिलायी।

स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त 2019 को लाइब्रेरी में 73वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। लाइब्रेरी के तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा इस दौरान उपस्थित समस्त स्टाफ ने राष्ट्रीय गान गाया और रज़ा लाइब्रेरी यूनिट के सीआईएसएफ जवानों ने राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर लाइब्रेरी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रेरणादायक भाषण दिये और देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये। साथ ही इस अवसर पर पौधारोपण भी किया।

हिन्दी पखवाड़ा-2019

14 से 28 सितम्बर 2019 तक लाइब्रेरी में हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर हिन्दी की दुर्लभ पाण्डुलिपियों और प्राचीन मुद्रित पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 सितम्बर 2019 को मुख्य अतिथि डॉ० किश्वर सुल्ताना, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर एवं लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी डॉ० अबुसाद इस्लाही ने किया। इस अवसर पर गृहमंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिन्दी को प्रोत्साहन देने हेतु भेजे गये संदेश को भी पढ़ा गया।

पुस्तक एवं फोटो प्रदर्शनी

लाइब्रेरी में 01 से 14 अक्तूबर 2019 तक महात्मा गांधी से संबंधित पुस्तकों एवं चित्रों की प्रदर्शनी प्रदर्शित की गयी। प्रदर्शनी में गांधी जी के जीवन के संस्मरण प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी का उद्घाटन 01 अक्तूबर, 2019 को डॉ अब्दुल रऊफ, प्राचार्य, सहारा डिग्री कॉलेज रामपुर ने किया। प्रदर्शनी के दौरान बहुत से लोगों और विधार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहना की।

गांधी जयन्ती

2 अक्तूबर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर लाइब्रेरी के तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास तथा लाइब्रेरी स्टाफ ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। समस्त लाइब्रेरी स्टाफ एव सीआईएसएफ के जवानों ने अंहिसा की शपथ ग्रहण की।

सर सैयद दिवस

सर सैयद अहमद खाँ के जन्मदिवस के अवसर पर 17 से 28 अक्तूबर 2019 तक लाइब्रेरी ने सर सैयद से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ० प्रदीप जैन, प्रसिद्ध साहित्यकार, मुजफ्फरनगर ने किया।

सर्तकता जागरूकता सप्ताह

28 अक्तूबर से 02 नवम्बर, 2019 तक लाइब्रेरी में सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाते हुए लाइब्रेरी के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने सर्तकता आयोग की वेबसाइट पर भष्ट्राचार के खिलाफ शपथ ग्रहण की।

राष्ट्रीय एकता दिवस

राष्ट्रीय एकता दिवस अर्थात लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 143वीं जयन्ती के अवसर पर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी, व्याख्यान, शपथ ग्रहण एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन 31 अक्तूबर 2019 को डॉ० अरूण कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर, श्री विशाल कुमार, इंचार्ज सीआईएसएफ, यूनिट रज़ा लाइब्रेरी एवं तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास ने किया। डॉ० अरूण कुमार ने व्याख्यान भी प्रस्तुत किया तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर लाइब्रेरी के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं सीआईएसएफ के जवानों ने शपथ ग्रहण की और एकता दौड़ में भाग लिया।

संविधान दिवस

26 नवम्बर 2019 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी द्वारा आयोजित "संविधान : एक परिचय" पर श्री कृष्ण बिहारी माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, रामपुर, उ०प्र० ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दरबार हॉल में संविधान से सम्बन्धित चित्रों और लघुचित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इससे पूर्व लाइब्रेरी में प्रातः 11:00 बजे विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त उद्देशिका को समस्त स्टाफ एवं सीआईएसएफ के जवानों के समक्ष पढ़ा गया।

लघुचित्रों एवं चित्रों प्रदर्शनी

26 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी में संग्रहित **"लघुचित्रों एवं चित्रों"** का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री कृष्ण बिहारी माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, रामपुर, उ०प्र० एवं तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास ने किया।

अग्निशमन उपकरणों पर कार्यशाला

26 नवम्बर 2019 को लाइब्रेरी में "अग्निशमन के उपकरणों" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लाइब्रेरी स्टाफ एवं सीआईएसएफ के जवान कार्यशाला में उपस्थित रहे। तत्कालीन निदेशक प्रो० सैयद हसन अब्बास ने कहा कि यह कार्यशाला कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी, अगर ईश्वर न करे ऐसी कोई आपदा की स्थिति होती है तो वे आग से लड़ने में कार्यशाला के अपने अनुभव का उपयोग कर सकते हैं।

पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपियों की प्रदर्शनी

